श्री सभापति: आप मुंझ पर विश्वास करिए मैं इसको देखूंगा।...(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद: महोदय, हम दूसरी बात कह रहै हैं। अहलूवालिया जी वैल में कैसे घुस गए। इनको कोई जानकारी नहीं है, बार-बार वेल में धुसकर पूछते रहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: ये वैल में घुस गए तो कोई क्रेन मंगाने की आवश्यकता नहीं है। वे तो यों ही चले जाएंगे। Now, Calling Attention. Shri Sanjay Nirupam...*(Interruptbns)...*

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

On the implementation of Conditional Access System and criteria for uplinking for foreign channels

श्री संजय निरुपम (महाराष्ट्र): महोदय, मैं आपके माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्री का ध्यान कंडीशनल एक्सेस सिस्टम को लागू करने का फैसला और अपलिंकिंग के लिए फॉरेन चैनल का जो क्राइटेरिया है, उसकी ओर आकर्षित करता हूं।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI RAVI SHANKAR PRASAD): Hon'ble Chairperson, Shri Sanjay Nirupam and other Members have drawn my attention to the implementation of Conditional Access System (CAS), and also the criteria for uplinking policy for foreign channels. Let me inform this hon'ble House about the decisions taken by the Government. I would like to make a brief statement on the issues raised by the hon. Members in their notices.

The genesis of this exercise lies in the fact that having mandated the Conditional Access System through an amendment in the Cable Television Networks (Regulation) Act, 1995, and the prevalent confusion and chaos and uncertainties regarding rates and lack of transparency in the system, it was necessary that the consumers be protected from this arbitrariness and a scientific rational approach be adopted for working out the rates of free-to-air channels in the basic service tier.

As the hon. Members are aware, the Government had set up a 'Task Force' comprising the various stakeholders like Cable Operators' Association, Multi-System Operators (MSOs), Broadcasters, Consumer

Electronics and T.V. Manufacturers' Association (CETMA) besides the Consumer Groups and Technical Experts to examine the various issues related to and oversee the implementation of the Conditional Access System (CAS) as provided under the Cable Television Networks (Regulation) Act, 1995.

The Cost Accounts Branch (CAB) of the Ministry of Finance was also requested to commission a study and the effort was to get a feedback from the cable operators on important issues. Several meetings were also held where they were invited to give their suggestions/comments. The C.A.B. .had detailed discussions with the technical experts, including equipment manufacturers, Broadcast Engineering Consultants India Ltd. (BECIL), etc.

Pursuant to the recommendations of this Task Force, the Government, through a notification issued on 14th January, 2003, notified the introduction of C.A.S. with effect from 15th July, 2003, in the four metros., and through a notification issued on 7th May specified the minimum number of free-to-air channels to be included in the package of channels forming the basic service tier to be Rs.30 and the maximum amount which a cable operator can demand from a subscriber to be Rs.72. I may also point out that the few Multi System Operators have already assured that they will be able to show between 60 to 70 free-to-air channels within the maximum cost of Rs.72/-.

I. FOLLOW-UP ACTION BY THE MINISTRY

I would like to assure the" hon. members that there has been no confusion in the implementation of C.A.S. On the contrary, the Government has taken a number of initiatives for its smooth implementation in the four metres. I would like to inform the House that the Government has been in constant and continuous dialogue with the representatives of stakeholders in the industry, *i.e.* manufacturers, broadcasters, MSOs and cable operators. The present state of preparedness indicated that adequate Set Top Boxes were not likely to be available by the deadline, *i.e.,* 15th July, 2003. Hence, the Government has deferred the implementation of the CAS to 1st September, 2003 and proposes to implement it in a phased zone-wise manner in the three metres of Delhi, Kolkata and Mumbai. As far as possible, these zones have been carved out with distinctive features in order

to provide minimum overlap of the services between zones of each city. As far as Chennai is concerned, based on the feed-back from the MSOs in Chennai, it has been decided to implement it at one go.

The intervening period will be used to step up preparedness, build up consumer awareness and enable the importation/manufacture of boxes in greater volumes.

The Ministry of Finance has also reduced the customs duty from 50.8 per cent to 5 per cent which has been extended until 30th September, 2003 through its Notification dated 29th July, 2003. It has been estimated that analogue Set Top Boxes would cost about Rs. 2,500/- and digital Set Top Boxes would cost between Rs. 2,700/- and Rs. 3,000/-. A few MSOs have also offered attractive introductory offers and easy affordable schemes through hire purchase, loan schemes, instalment basis, refundable deposit with a nominal daily rental, etc. As on 31.7.2003, 1,07,882 Set Top Boxes have been imported -- this is on the basis of the information given by the Customs Department. It is also expected that with the increasing demand and indigenous production and supply, the prices are likely to fall further. Steps are also being taken to ensure quality of the Set Top Boxes through random sample testing of the boxes of different manufacturers. Visits are being made to head-ends to assess the level of upgradation and preparedness. All this is aimed at making it consumer-friendly.

Now, I would like to discuss the criteria on uplinking policy for foreign channels.

II. UPLINKING POLICY

The uplinking policy has been gradually developing over a span of five years.

(i) In June 1998, the Cabinet, for the first time, permitted Indian satellite channels (with Indian equity not less than 80 per cent and effective management control in the hands of resident Indians) to uplink from India through VSNL only.

(ii) In March 1999, the Cabinet permitted all Indian companies (who were broadcasters and were as defined above) to uplink from India without being mandated to go through VSNL only.

(iii) In July 2000, the Cabinet approved the following:

(a) Setting up of hubs/teleports by companies incorporated in India with not more than 49 per cent foreigrt equity holding, including from NRI, OCB and PIO.

(b) Unlinking of all TV channels irrespective of ownership, equity structure or management control, which aimed at Indian viewer ship.

(c) Uplinking to Indian News Agencies accredited with PIB and whose 100 per cent ownership and management control was with Indians.

(iv) In the year 2002, there was a felt need that in influencing public opinion, television is, if not more, at least, as powerful as the print media. The views obtained in the first report of the Press Commission, on the subject of foreign nationals as owners of newspapers and periodicals, had continuing relevance for the Broadcasting sector also. The Commission had observed that it would be highly desirable that proprietorial interest in newspapers should vest predominantly in Indian hands.

Taking note of such concerns, a note was taken to Cabinet in March, 2003 for considering "imposition of restrictions on ownership and management control of TV channels, telecasting news and current affairs programmes, as it was felt that these concerns had not been adequately addressed in the existing policy on uplinking of TV channels from India. The arguments given in favour of restrictions were that a foreign owned and controlled TV news channel may exercise an unhealthy influence on our democratic processes to suit vested foreign interests and may pose a threat to our social and cultural value systems.

While the last concern was equally applicable to all the foreign content telecasting channels, other concerns were valid largely in respect of News and Current Affairs channels only. The potential for mischief against safety and security of the State was acknowledged to be more with a channel which is largely dedicated to News and Current Affairs' programmes than with other channels.

The Cabinet *vide* its decision of I8th March, 2003 *inter alia* approved foreign ownership/management control restrictions to be placed on channels having any element of News and Current Affairs' content and allowed to uplink from India. The guidelines, issued on *26th* March, 2003, laid down the following eligibility criteria for a company uplinking News and Current Affairs channels including, *inter alia,* the following :

(a) To be registered/incorporated in India under the Companies Act, 1956.

(b) Foreign equity holding in the applicant company not to exceed 26 per cent of the total paid up capital.

(c) Majority of its Board of Directors to be Resident Indians.

(d) CEO of the applicant company, known by any designation, and/or Head of the channel to be Resident India.

(e) News Editor (s) or authority(ies) exercising editorial control over news and current affairs programme(s) of the channel(s) to be Resident Indians.

Throughout the evolution of the uplinking policy in stages, ownership and management control to vest in Indian hands has remained a prime concern. This was sought to be addressed categorically in March, 2003, particularly, in relation to News and Current Affairs' channels. Further, *by* an order of July 15, 2003, an inter-Ministerial Group has been set up to examine the foreign exchange norms/guidelines, particularly, relating to uplinking of news and current affairs channels. The case of one of the application seeking uplinking as per extant guidelines is under examination.

श्री सभापति: माननीय सदस्यगण, यह Calling Attention नोटिस है जिसके संबंध में कई माननीय सदस्य मुझसे मिले हैं। जिन लोगों ने नोटिस दिया है, उनके अलावा भी कई

माननीय सदस्य इस संबंध में अपनी जानकारी सदन के सामने रखना चाहते हैं। यह चर्चा एक घंटे के निर्धारित समय में नहीं हो सकती इसलिए मैं इसके लिए दो घंटे का समय निश्चित करता हूं। माननीय सदस्यों से मेरी इतनी प्रार्थना है कि जो सबजैक्ट एक बार डिस्कस हो जाए या कोई माननीय सदस्य बोलें, उसको रिपीट न केरें ताकि उसके आधार पर सब माननीय सदस्यों को अच्छी जानकारी भी मिले और सरकार भी उत्तर दे पाए। किन्तू मैं यह इस शर्त पर मंजूर कर रहा हूं कि आज के बिजिनेस में दो बिल हैं। सदन यह विश्वास दिलाए कि चाहे कितनी ही देर बैठना पड़े, इन दो बिलों को पास कराकर ही उठेंगे।

श्री संजय निरुपम: महोदय, देर रात तक बैठ कर इन्हें पास करा देंगे।

श्री सभापति: आप अकेले ही कह रहे हैं, बाकी लोग नहीं कह रहे हैं। लालू जी नहीं बोल रहे हैं। लालू जी, आप नहीं बैठेगें?

श्री लालू प्रसाद (**बिहार**): इस विषय पर सरोज दूबे जी बोलेंगी।

श्री सभापति: मैं बोलने की बात नहीं कर रहा, मैं तो बैठे रहने की बात कह रहा हूं।

श्री नीलोत्पल बसु (**पश्चिमी बंगाल**): महोदय, जहां तक दो बिलों की बात है, बीएसी की मीटिंग में यह तय हुआ था कि आज हम सीवीसी क्लीयर करेंगे। लेकिन दूसरे बिल के बारे में...

श्री सभापति: वह तो छोटा सा बिल है।

श्री नीलोत्पल बसु: सर, इससे ज्यादा बोझ हो जाएगा।

श्री सभापति: एक घंटा और बैठ लेंगे, समस्या क्या है? कल हम जितना समय बैठे, उतने समय में बहुत काम हो गया। आज अगर पांच-दस मिनट और फर्क पड़ता है तो बैठ लेंगे।

श्री नीलोत्पल बसू: मेरे विचार से ज्यादा काम हो जाएगा।

श्री सभापति: आप मेरा कहना मान लीजिए, मैंने आपका कहना माना है, दोनों बिल आज पास कर दिजिए।

श्री संजय निरुपम: आदरणीय सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय के बयान पर दो हिस्सो में सवाल पूछूंगा क्योंकि बयान दो हिस्सों में है, क्योंकि कॉल अटैंशन भी दो हिस्सों में है। पहले हिस्से में मैं कैस पर सवाल पूछूंगा और दूसरे हिस्से में Up linking Policy की खामियों पर सवाल पूछूंगा। कैस पर मेरे पांच सवाल हैं। मंत्री महोदय ने कहा है कि कैस Consumer friendly है। पिछले कई महीनों से वे यह राग अलाप रहे हैं कि कैस consumer friendly है, इससे केबल कन्ज्यूमर को फायदा होगा। मैं पूछना चाहता हूं कैसे? 72 रुपए में 70 चैनल देने

का प्रावधान कैस सिस्टम के अंतर्गत इन्होने किया है। कल जो मुम्बई में मीटिंग हुई, उसके, बाद जो रिपोर्ट आ रही है, मुझे ऐसा लग रहा है कि उसको भी मुलतवी करने का विचार आ रहा है। फिर भी मंत्री महोदय का जो बयान है, उसके आधार पर 72 रुपए में 70 चैनल का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त 30 रुपए Entertainment Tax और 8 प्रतिशत Service Tex है- कुल मिलाकर 110 रुपए कैस के अंदर हो जाता है। अगर इसमें पे चैनल को इन्क्लूड किया जाए तो उसके लिए आपको सेट टॉप बाक्स का रैंट जो हर केबल कन्ज्यूमर को देना पड़ेगा, वह 30 रुपए होगा। यानी 140 रुपए से कैस शुरु होता है। हमारे देश में जितने पे चैनल हैं, उनका रेट क्या होगा, कितना होगा इस बारे में आज तक सरकार खुलकर कुछ नहीं बता पायी है। वे पे चैनल वोलों को बूला रहे हैं और साक्षात तौर पर उनके सामने घुटने टेक रहे हैं लेकिन आज तक पे चैनल वोलों ने नहीं बताया है कि हम कितना रेट लेंगे।

श्री सभापति: घुटने टेकने की बात नहीं कहें तो ज्यादा अच्छा है।

श्री संजय निरुपम: महोदय, मैं अपनी बात वापस लेता हूं।

श्री सभापति: इसे मैं आपकी तरफ से वापस ले लेता हूं।

श्री संजय निरुपम: कैस जब देश में लाया गया था, जब कैस का विधेयक आया था, तब विचार यह था कि फ्रि टू एयर चैनल को रेगूलेट नहीं करना है, पे चैनल को रेगूलेट करना है। लेकिन कैस इम्पलीमेंटेशन के समय फ्री टू एयर चैनल को रेगूलेट कर दिया गया, आज तक पे चैनल को रेगूलेट नहीं किया गया है। बगैर पे चैनल के प्राइस तय किए, रेट तय किए, भाव तय किए कैस को इम्प्लीमेंट करने का क्या अर्थ है, यह मैं जानना चाहता हूं? जो ब्रॉडकॉस्टर्स का मूड इस समय है, पे चैनल वोलों का जो मूड इस समय मुम्बई में है, दिल्ली में है, उस हिसाब से देखें तो अगर आठ पे चैनलों को इस समय सेट टॉप बॉक्स के जरिए अलाऊ किया जाता है तो लगभग 100 रुपए उसका किराया होगा। इस प्रकार 140 रुपए एवं 100 रुपए दोनों मिलाकर 240 रुपे हो गया। आज दिल्ली और मुम्बी के जितने भी मध्यम वर्गीय इलाके हैं, उनमें औसतन केबल कन्ज्यूमर को जिस दर पर, जिस भाव पर केबल मिल रहा है वह सवा सौ से लेकर ढाई सौ के बीच है। सवा सौ से लेकर ढाई सौ के बीच इन केबल कन्ज्यूमर्स को बिना कैस के सौ चैनल मिल रहे हैं। एक बार कैस आ गया तो 70 जमा 8, यानी केवल 78 चैनल मिलेंगे। मुझे समझ में नहीं आता कि यह कैस सिस्टम कंज्यूमर फ्रेंडली कैसे हुआ? अगर आज आप सारे पे-चैनल्स लेने चले जाएं तो जो मैं एक जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं, उस हिसाब से सारे पे-चैनल्स, जो कि पैंतीस से चालीस के आस-पास इस समय हमारे देश में हैं, अगर उनको उनके निर्णयों पर, भाव तय करने को छोड़ दिया जाए तो लगभग तीन सौ रुपए के आस-पास पे-चेनल्स का भाव निर्धारित होगा। अगर तीन सौ रुपये के आस-पास भाव तय होगा तो तीन सौ प्लस 140, यानी 440 रुपे में हम कैस के बाद, केबल कंज्यूमर को केबल टी.वी. का दर्शन कराने जा रहे हैं। यह कंज्यूमर फ्रेंडली कैसे हुआ? यह मेरा पहला प्रश्न है। मंत्री महोदय ने बताया कि पिछले कई महीनों में या साल में, 1100 प्रतिशत पे-चैनल वालों ने अपना भाव बढ़ाया है। मैं मानता हूं कि यह सही हो सकता है। क्या वर्तमान कैस व्यवस्था में पे-चैनल को भाव बढ़ाने से रोकने का कोई प्रावधान है? हम फ्री-टू-एयर चेनल के भाव पर अपना

नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। 70चैनल, 30चैनल, 60 चैनल और 80 चैनल 72 रुपए में है या नहीं है, इस तरह की बातें तो कर रहे हैं लेकिन पे-चैनल के बारे में आज तक सरकार ने स्पष्ट भूमिका नहीं रखी है। सरकार यह कमिटमेंट भी नहीं दे पा रही है कि कैस लागू होने के बाद बी पे-चैनल का भाव निर्धारित किया जा सकेगा। मंत्री जी, पे-चैनल के बारे में यह मेरा...।

(उपसभापति महोदया पाठासीन हुईं।)

पहला क्लेरिफिकेशन है। दूसरा क्लेरिफिकेशन है कि जो लोग कैस के समर्थक हैं उनके बारे में कहा जाता है कि ये देशी लोग हैं, देशी चैनलों के समर्थक हैं, स्वदेशी की विचारधारा में विश्वास करते हैं। जो लोग कैस का विरोध करते हैं उन पर सीधे आरोप लगाया जाता है कि ये कैस का इसलिए विरोध कर रहे हैं कि क्योंकि ये विदेशी चैनलों के समर्थक हैं। ये स्वदेशी के विरोधी हैं। ऐसा प्रचार किया जा रहा है और कैस के बहाने देश में इस प्रकार की मान्यता बना दी गई है। मेरा सवाल यह है कि सरकार की क्या मजबूरी है कि कैस लागू करने के लिए जो सेट-टॉप बाक्स चाहिए, वह सिर्फ विदेशी कम्पनियों से इम्पोर्ट कर रही है? सेट-टॉप बाक्स आयात करने के बहाने सरकार कितने हजार करोड़ रुपए विदेशी कम्पनियों की जेब में डालने जा रही है? यह मेरा सवाल है। मैंने एक सेट-टॉप बाक्स के बारे में थोड़ा हिसाब लगाने की कोशिश की है। एक सेट-टॉप बाक्स की औसतन कीमत तीन हजार रुपए है। हमारे यहां जो लैंडिंग प्राइज होगी या केबल कंज्यूमर तक उसकी जो कीमत जाएगी, वह तीन हजार के आस-पास है सबका, डिजिटल एनलाग का एवरेज निकालकर। वह तीन हजार के आस-पास जा रहा है। इस समय चार महानगरों में साठ लाख केबल कंज्यूमर हैं। अगर इल साठ लाख को हम इम्पोर्ट करके सेट-टॉप बाक्स सप्लाई करने जा रहे हैं तो कुल 1800 करोड़ रुपए का धन्धा, 1800 करोड़ रुपए का बिजिनेस हम विदेशी कम्पनियों को देने जा रहे हैं। मेरा मंत्री जी से यह पूछना है कि क्या यह स्वदेशी विचारधारा है? क्या इसी स्वदेशी विचारधारा के आधार पर आप विदेशी कम्पनयों को प्रमोट करने जा रहे हैं? पचपन प्रतिशत सेट-टॉप बाक्स पर ड्यूटी थी। सेट-टॉप बाक्स जल्दी इम्पोर्ट करना है, सस्ते में इम्पोर्ट करना है, केबल कंज्यूमर को सस्ते में देना है तो उसमें से पचास प्रतिशत ड्यूटी कम कर दी गई। सात हजार रुपए का सेट-टॉप बाक्स आज नई व्यवस्था में तीन हजार रुपए में उपलब्ध होने की स्थिति में है, यानी चार हजार रुपए का नुकसान। इस नुकसान को मैंने काउन्ट करने की कोशिश की है। अगर पचास प्रतिशत ड्यूटी कम कर दी जाए तो साठ लाख केबल कंज्यूमर के लिए सेट-टॉप बाक्स इम्पोर्ट किया जा रहा है, आप तीस लाख भी बोल सकते हैं, पन्द्रह लाख भी बोल सकते हैं। लेकिन जो सारे केबल कंज्यूमर हैं उस हिसाब से में आंकड़े निकालने की कोशिश कर रहा हूं। अगर चार हजार रुपए के हिसाब से साठ लाख सेट-टॉप बाक्स यहां पर आते हैं तो 2400 करोड़ रुपए का राजस्व का घाटा भारत सरकार को हो रहा है। फाइनेंस मिनिस्ट्री के जिस डिसिजन, गाइडलाइन के बारे में अपने बताया है, उस हिसाब से भारत सरकार को रेवेन्यू लॉस 2400 करोड़ रुपए का होने जा रहा रहा है। क्या सरकार ने सोचा है कि विदेशी कम्पनियों को लाभ पहुंचाने के लिए हम कितना बड़ा नुकसान झेलने जा रहे हैं? क्या यह स्वदेशी है? इस स्वदेशी का सबूत देने के लिए में मंत्री महोदय को आपकी अनुमति से यह सेट-टॉप बाक्स दिखाने के लिए लेकर आया हूं। यह एक सेट-टॉप बाक्स है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: ऐसे सेट-टॉप बाक्स हाउस में नहीं लाते हैं।

श्री संजय निरुपम: में सिर्फ आपकी अनुमति से दिखा रहा हूं।

उपसभापति: मैंने आपको अभी अनुमति नहीं दी है।

श्री संजय निरुपम: मैं इसे सभा पटल पर रख देता हूं। में सिर्फ यह बताना चाहता हूं कि इस पर लिखा हुआ है मेड इन कोरिया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: It should not be done, संजय जी, अगर आप अनुमति लेते तो हम आपको अनुमति दे देते। हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं हैं।

श्री संजय निरुपम: मैंने आपकी अनुमति मांग कर ही इसे उठाया है।

उपसभापति: आपको पहले मांगनी चाहिए थी ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय निरुपम: अगर अभी भी अनुमति है तो मैं बताऊं यह जो सेट टॉप बाक्स है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति: सेट टॉप बाक्स से क्या फर्क पड़ता है? आप कोई भी डिब्बा लाकर दिखा देंगे, हम एग्जामिन थोड़ा ही कर रहे हैं।

श्री संजय निरुपम: इतना बड़ा आरोप मत लगाइए, यह सेट टॉप बॉक्स ही है जिसे हमारे केबल कंज्यूमर्स को बेचने की बात की जा रही है।

उपसभापति: सेट टॉप बॉक्स रख दीजिए।

श्री संजय निरुपम: ये सारे के सारे सेट टॉप बॉक्स विदेशी कंपनियों द्वारा बनाए गए हैं। दुनिया में हजारों कंपनियां हैं जो ये सेट टॉप बॉक्स बना सकती हैं।

श्री लालू प्रसाद: कहां का बना हुआ है?

श्री संजय निरुपम: मैंने बताया न मेड इन कोरिया।

उपसभापति: मैंने आपको कहा है कि इसे रख दीजिए तो रख दीजिए। आप चेयर का कहना मानते हैं या हाउस का कहना मानते हैं?

श्री संजय निरुपम: चेयर का कहना मानता हूं।

उपसभापति: ठीक है, मान लीजिए। आपको उसके बारे में जो बोलना है, बोल लीजिए।

श्री संजय निरुपम: उपसभापति जी, मेरा यह कहना है कि इस समय हमारे देश में सेट टॉप बॉक्स इम्पोर्ट किए जाने का जो कार्यक्रम चल रहा है, उसमें सिर्फ दो देशों में बनने वाली कंपनियों के सेट टॉप बॉक्स हैं। हालांकि इस दुनिया में हजारों कंपनियां सेट टॉप बॉक्स बनाती हैं फिर बी इन्ही दो कंपनियों के सेट टॉप बॉक्स क्यों इम्पोर्ट किए जा रहे हैं, यह मैं आगे चलकर एक्सप्लेन करने की कोशिश करुंगा। माननीय मंत्री जी से मेरा तीसरा स्पष्टीकरण सेट टॉप बॉक्स की टेक्नालॉजी से जुड़ा है। ये जो सेट टॉप बॉक्स हम केबल कंज्यूमर्स के घर में लगाएंगे, केबल टी.वी. के साथ, अपने टेलीविजन सैट के साथ लगाएंगे, इनको ऑपरेट करने के लिए, चलाने के लिए एक कम्प्यटर हार्डवेयर आएगा। दुनिया में हार्डवेयर बनाने वाली सिर्फ पांच कंपनियां हैं। उनमें से एक स्टार टी.वी. के मरडॉक साहब की भी है। आस्ट्रेलियन कंपनी है, चाइनीज कंपनी है, अमेरिकन कंपनी भी है, इस तरह से पांच कंपनियां हैं। इन कंपनियों की कमाण्ड को समझने वाले जो सेट टॉप बॉक्स हैं सिर्फ वहीं सेट टॉप बॉक्स इम्पोर्ट किए जा रहे हैं। हमारा ऐतराज इस पर् है। हमे बार-बार कहा जाता है कि हम कैस विरोधी हैं, हम कैस विरोधी नहीं हैं लेकिन कैस के नाम पर विदेशी कंपनियों की जो दुकान लगाई जा रही है, उनका जो धंधा बढ़ाया जा रहा है हम उसका विरोध करने जा रहे हैं। ये जो पांच कंपनियां हैं, जो कम्प्यूटर हार्डवेयर बनाती हैं, जो हेड एण्ड प्ले केबल ऑपरेटर के कंट्रोल रुम में लगेगा, इन पांचो कंपनियों की पूरी दुनिया में अपनी एक मोनोपोली है। सरकार ने उस मोनोपोली को …(**व्यवधान**)… मैं आगे बताता हूं …(**व्यवधान**)…

श्री नीलोत्पल बसु: कार्टल है।

श्री संजय निरुपम: उसको कार्टेल बोलेंगे। मेरा सवाल है कि प्रोप्राइटी कैस लाने की क्या जरुरत है? आप ओपन कैस क्या नहीं लाते हैं? आप ऐसा कैस क्यों नहीं लाते कि पब्लिक कहीं से भी मार्किट में सेट टॉप बाक्स जाकर खरीदे। क्या मजबूरी है कि एम.एस.ओ. ही उसे इम्पोर्ट करे, सप्लाई करे और केबल कन्ज्यूमर्स से पैसे ले? यह मेरा सेट टॉप बॉक्स का टेक्नोलॉजी से जुड़ा हुआ एक सवाल है। अगर ओपन कैस आता है तो इस देश में बनाने वाली कितनी कंपनियां हैं? दो-तीन कंपनियों के बारे में तो मैं भी जानता हूं। क्या मंत्री जी को मालूम है कि आपके देश में, हमारे देश में आई.आई.टी. सेट टॉप बॉक्स की मैनुफैक्चरिंग कर रही है, बना रही है? क्या आपको मालूम है कि हमारे देश में बंगलौर की एक और बड़ी कंपनी बड़े पैमाने पर सेट टॉप बॉक्स मैनुफैक्चर कर रही है? सकुरा नाम से एक सेट टॉप बॉक्स की ब्राण्ड है, जो मुंबई बेस्ड कंपनी है, वे लोग बना रहे हैं। ये सेट टॉप बॉक्स हिंदुस्तानी हैं लेकिन आज अगर ये बॉक्सेज केबल कन्ज्यूमर्स के पास लगाना भी चाहे तो उसका कोई उपयोग नहीं है क्योंकि इसके लिए जो स्मार्ट कार्ड है, उसकी जो रॉयल्टी है, वह इन हार्डवेयर बनाने वाली कंपनियो को देनी पड़ती है। हार्डवेयर बनाने वाली कंपनियों का जो हार्डवेयर है वह उसके साथ ही मैच करता है। कोई भी सेट टॉप बॉक्स लगाया जाए तो केबल ऑपरेटर उसे कंट्रोल नहीं कर सकता, उसे चला नहीं सकता। मंत्री महोदय, हमारा विरोध का आधार यह है कि देश में जो बॉक्सेज उपलब्ध हैं उन्हें क्यों नहीं खरीदा जा रहा है? आप इसलिए नहीं खरीद रहे हैं क्योंकि

ओपन सोर्स कैस नहीं है। आप ओपन कैस नहीं लाना चाह रहे हैं। आपको अलग-अलग टास्क फोर्स की मीटिंग्स में अस तरह के सुझाव दिए गए कि आप ओपन कैस लाइए लेकिन एम.एस.ओ. ओपन कैस नहीं चाहता क्योंकि एम.एस.एस. को विदेशी कंपनियों का धंधा बढ़ाना है। अगर एक बार यह बाल दे कि ओपन कैस लेकर आएंगे तो देखिएगा कि एम.एस.ओ. इनके दरवाजे पर आकर खड़े हो जाएंगे कि साहब ओपन कैस मत लेकर आइए। "कन्ज्यूमर फ्रेडली स्वदेशी" के नाम पर जो विदेशीयों का धंधा बढ़ाया जा रहा है, मैं यहां पर उसका विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

पिछले हफ्ते जो क्वेश्चन ऑवर था उसमें मैंने सुरक्षा से जुड़ा एक प्रश्न पूछा था। जो विदेशी सेट टॉप बॉक्स आ रहे हैं किया उनका सोर्स कोड हमारी इंटेलिजेंस एजेंसियों को मालूम है? क्या आई.बी. से या किसी भी प्रकार का सिक्योरिटी क्लियरेंस इस नई व्यवस्था के लिए लिया गया है? मैडम, अभी तक यह केबल नेटवर्क था। कैस आने के बाद कंट्रोल रुम में एक हार्डवेयर लगने के बाद, उस हार्डवेयर को सेट टॉप बॉक्स से कनेक्ट करने के बाद एक नया टेलीकॉम नेटवर्क बन जाएगा। उस टेलीकॉम नेटवर्क से इस देश में एक अलग किस्म का जो टेली कम्युनिकेशन नेटवर्क होगा, उस टेलीकॉम नेटवर्क से इस देश में ओक अलग किस्म का जो टेली कम्युनिकेशन नेटवर्क होगा, इस नेटवर्क से कब, कौन सी इन्फोर्मेशन कौन भेज रहा है, क्या भेज रहा है, इस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होगा। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। यह देश की सुरक्षा लके हित में है। देश की सुरक्षा के हित में नियंत्रण रखने वाली जो संस्थाओं हैं उन संस्थाओं को क्या इन हार्डवेयर कंपनियों के स्मार्ट काड्र्स के सोर्स कोड मालूम हैं? मैंने मंत्री जी से उस दिन भी पूछा था, उन्होने कहा था कि मैं बाद में बताऊंगा, मैंने अभी ध्यान नहीं दिया है, पिछले एक हफ्ते से अगर आपने ध्यान दिया है तो बताने की कृपा करे। आज की व्यवस्था में केबल आपरेटर किसी भी चैनल का प्रसारण रोक सकता है। आज हमारे देश में जो सिस्टम है उसमें केबल आपरेटर जब चाहे जो चैनल रोक दे। पाकिस्तान टी.वी. का प्रसारण नहीं होना चाहिए, पीटीवी का प्रसारण नहीं होना चाहिए, एक बार यह सरकार तय करे तो मुंबई और दिल्ली में बैठे केबल आपरेटर रोक सकते हैं। लेकिन कैस आने के बाद केबल आपरेटर के हाथ में कुछ भी नहीं रहेगा। तब ब्रॉडकास्टर, एमएसओ, सेट टॉप बॉक्स और कंज्यूमर के बीच में ओक सीधा रिश्ता बनेगा। ऐसी स्थिति में उस चैनल पर क्या दिखाया जा रहा है, क्या नहीं दिखाया जा रहा है, उसकी रोकथाम करने, उस पर प्रतिबंध लगाने का कोई इंतजाम नहीं दिख रहा है। हो सकता है कल को ब्लू फिल्म दिखाई जाए और जब वह दिकाई जा चुकी होगी तब आपको पता चलेगा और तब आप एक्शन लेंगे। हो सकता है भारतीय हितो के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाला कोई समाचार दिखाया जा रहा हो, उस समय आप वह रोक नहीं पायेंगे। आप तब रोकेंगे जब पूरा प्रसारण हो जाएगा। तब आपको समझ में आएगा। तब हो सकता है ब्रॉडकास्टर के खिलाफ, एमएसओ के खिलाफ आप एक्शन लेते रहे, लेकिन उस प्रसारण को केबल आपरेटर तो कम से कम रोक नहीं पाएगा। एक प्रकार की निरंकुशता पैदा हो सकती है। महोदया, मेरा आखिरी सवाल केवल आपरेटर्ज के भविष्य से जुड़ा हुआ है। कैस के आने से केबल आपरेटर्ज का भविष्य असुरक्षित होने जा रहा है। देश में इस समय लगभग एकलाख केबल आपरेटर्ज हैं। उनके पार्टनर्ज उनके सहयोगियों को अगर जोड़ कर चलें तो लगभग 15 लाख लोग केबल उद्योग से जुड़े हुए हैं। अगर उन 15 लाख लोगों के आश्रितो की संख्या भी निकाली जाए तो 60 लाख लोगों की रोजी रोटी इस केबल उद्योग से चलती है। केस आने के बाद, सेट टॉप बॉक्स के जरिए, एमएसओ और केबल कंज्यूमर के बीच एक सीधा रिश्ता आएगा। केबल आपरेटर की

निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसके बाद धीर-धीर ये सभी केबल आपरेटर्ज बेरोजगार हो जायेगें। जब वे बेरोजगार हो जायेंगे, तो एमएसओ की मनोपली स्थापित हो जायेगी। उनकी बेरोजगारी के बाद जब विस्फोट होगा, तब पता चलेगा। ये कौन से बच्चे हैं? 1990 के आस-पास हमारे देश में केबल का धंधा शुरू हुआ। ये सारे कम पढ़े लिखे लड़के एग्रैसिव इंटरप्राइजिंग थे। इनके पास कोई धंधा, कोई रोजगार नहीं था। आप सारे शहरों में देख लीजिए, पटना से लेकर रायपुर और मुंबई से लकर दिल्ली तक देख लीजिए, सारे बच्चे जो बेरोजगार थे, बहुत पढ़े लिखे नहीं थे, दिशाहीन थे, उन सब को केबल उद्योग के जरिए एक धंधा मिला, एक बिजनैस मिला। कैस के जरिए केबल उद्योग से जुड़े इन नौजवानों को बेरोजगारी झेलनी पड़ सकती है, यह मेरी आशंका है। इस आशंका के कारण मैं आपसे पूछ रहा हूं कि केवल उद्योग से जुडे सारे के सारे केबल आपरेटर्ज के भविष्य को सुरक्षित करने की आप क्या गांरटी देते हैं? हमारे देश में जो केबल टी.वी. नेटवर्क आया, उसके बाद जो संशोधन विधेयक आया, उसका उदेश्य सुषमा जी ने यहां पर बताया था कि केबल इंडस्ट्री को रेगुलेट करने के लिए यह आ रहा है। लेकिन आज कैस लागू करते समय इसके खतरों और आशंकाओं को जो हम भांप रहे हैं उससे ऐसा लग रहा है कि आप यह पूरी की पूरी व्यवस्था, पूरा का पूरा बिल, पूरा का पूरा कानून, केबल इंडस्ट्री को नष्ट करने के लिए लेकर आए हैं। कृपया, इस केबल इंडस्ट्री को नष्ट करने की दिशा में कोई कदम न उठाया जाए, यह मेरा आखिरी निवेदन होगा। अब मैं अपलिंकिंग के बारे में चार-पांच छोटे-छोटे सवाल पूछना चाहता हूं। 26, मार्च 2003 को आप एक नई अपलिंकिंग पालिसी ले कर आते हैं। मुख्य बात यह है कि किसी भी समाचार चैनल में 26 प्रतिशत से ज्यादा विदेशी भागीदारी नहीं होनी चाहिए। 74 प्रतिशत शेयर होल्डिंग हिन्दुस्तानियों के पास होनी चाहिए। एडिटर, रिपोर्टर चैनल के प्रमुख जो पदाधिकारी होंगे वे सारे के सारे भारतीय हों, इसके पीछे जो विचार था वह निश्चित तौर पर एक स्वदेशी विचार था, जिसका मैं स्वागत और समर्थन करता हूं। देश हित में सोचने के लिए सरकार ने जो एक नई अपलिंकिंग पालिसी 26 मार्च को घोषित की, उसके लिए मैं सरकार को बधाई भी देता हूं। लेकिन आगे क्या हुआ? 26 मार्च को नई अपलिंकिंग पालिसी आती है और उसके पांच दिन बाद, अप्रैल के पहले हफ्ते में एक या दो, तीन अप्रैल को देश में एक नया समाचार चैनल आता है, जिसका मालिक एक विदेशी होता है। एक नई अपलिंकिंग पालिसी के बावजूद वह चैनल शुरू हो जाता है। वह चैनल "स्टार न्यूज़" है और उसके मालिक अमेरिकन नागरिक रुपर्ट मडोंक हैं। उस अपलिंकिंग पालिसी के संदर्भ में मेरा पहला प्रश्न यही है कि जब 26 मार्च को आप अपलिंकिंग पालिसी लेकर आ गए और उसके बाद जब एक नया विदेशी समाचर चैनल आ रहा है तो आपने उसी समय उनको क्यों नहीं रोका? इस अमेरिकी नागरिक को नया समाचार चैनल शुरू करते समय तभी क्यों नहीं रोका गया? आप उन्हें कह सकते थे कि पहले 74 फीसदी की जो फॉरेन इक्विटी है उसको डाइल्यूट करिए, फिर हम अपने देश की भूमि से अपलिंक करने की अनुमति देंगे। तब क्यों चुप्पी साध ली गई, तब क्यों उनके अनुमति दी गई? उस समय तीन महीने की मोहलत दी गई कि तीन महीने के अंदर आप अपना जो आपका हण्ड्रेड परसेंट कंट्रोल है उसको 74 परसेंट भारतीयों के हवाले कर दीजिए। आपने तीन महीने की महोलत दी, लेकिन तीन महीने की मोहलत के बाद क्या हुआ? लगभग 26 जून को वह तीन महीने की मोहलत खत्म होती है, लेकिन स्टार न्यूज यानि माननीय रूपर्ट मर्डोंक जी एक नई कंपनी लेकर सरकार के पास जाते हैं और उस कंपनी का नाम है एमसीसीएस, जो मान लो 26 जून के आसपास लेकर आते हैं। उस एमसीसीएस कंपनी के सारे पैपर्स पढ़ने् के बाद एक आम आदमी भी समझ सकता है कि यह स्टार कंपनी की, स्टार न्यूज की या रुपर्ट मर्डोंक जी की

जो होल्डिंग कंपनी है उसकी एक फ्रंट कंपनी जैसी है। उसके सारे नाम वगैरह मेरे पास है कि ये कौन-कौन से लोग हैं, कौन-कौन हिंदुस्तान के लोग उसमें शामिल हुए हैं, कितना परसेंट किसका है, इसके बाद बिरला ने क्या बोला, कैसे किसका 30 परसेंट हुआ, कौन कौन से लोग हैं, उनका किन-किन से क्या संबंध है। मैं इसमें व्यक्तिगत स्तर पर नहीं जाना चाह रहा। ...(**व्यवधान**)...इसे आप शैल कंपनी या कागजी कंपनी, जो भी कह लीजिए। इस कागजी कंपनी को पहचानने में सरकार अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाई।

मैडम, मंत्री महोदय ने उस दिन प्रश्नोकाल में बताया कि 600 पेज के उनके सारे पेपर हैं, इसलिए उसमें टाइम लगेगा। पूरी की पूरी आई0 एंड बी0 मिनिस्ट्री एमसीसीएस की जो 600 पेज का डाक्यूमेंट है उसको पढ़ने में 40 दिन से ज्यादा लगा चुकी है। इन 40 दिनों में क्या हुआ, मैडम, एक ऐसी कंपनी जो अपलिंकिंग पोलिसी को डायरेक्ट वायोलेट कर रही है, उसका उल्लंघन कर रही है, उस कंपनी के बारे में जैसे ही महसूस हुआ कि इस कंपनी की एक शैल कंपनी आ रही है तो उस कंपनी की अपलिंकिंग परमीशन को रोक देना चाहिए था। नहीं रोका गया। एक हफ्ते के लिए अपलिंकिंग परमीशन दे दी गई, फिर एक हफ्ते के लिए दिया गया, फिर एक हफ्ते के लिए दिया गया और उसके बाद उनको एक महीने का टाइम दिया गया कि भाई, आप कोर्ट में जाओ, कोर्ट से स्टे वगैरह लेकर आ जाओ। जब तक सरकार ने सोचा कि अपलिंकिंग परमीशन कैन्सिल कर दी जाए तब तक मुम्बई हाईकोर्ट से स्टार न्यूज एक स्टे लेकर आ गई। आज इस देश में सरकार के पास एक स्पष्ट अपलिंकिंग पोलिसी होने के बावजूद स्टार न्यूज पूरी तरह से आपकी इस अपलिंकिंग पोलिसी का उल्लंघन कर रही है और आप उसकी अपलिंकिंग को रोक नहीं पा रहे हैं। यह इस समय ताजा स्थिति है।

मैडम, आप स्वदेशी की बात कर रहे हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि एक विदेशी आपकी अपनी अपलिंकिंग पोलिसी का पूरा मखोल उडा रहा है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठे है। क्यों? हाईकोर्ट में जो इन्होंने एफिडेविट दिया था, उसका आज आखिरी दिन है। दो हफ्ते के लिए मोहलत मांगी थी कि दो हफ्ते के अंदर हम अपना डिसीजन लेंगे। कोर्ट ने इनको बोला जब तक आप साफ साफ शब्दों में हमें नहीं बताएंगे, तब तक आप अपलिंकिंग मत रोकिएगा। आज आखिरी दिन है और आज आखिरी दिन तक आपने क्या फैसला लिया, मुझे मालूम नहीं। अगर आप मुझे बताएंगे कि कोर्ट में क्या एफिडेविट दिया गया तो बड़ी मेहरबानी होगी।

मैडम, एक दो क्वैश्चन मेरे और हैं। अब एमसीसीएस और स्टार की भी अपलिंकिंग पोलिसी है। अपलिंकिंग पोलिसी की आत्मा क्या है? कि एडीटोरियल कंट्रोल भारतीयों के पास होना चाहिए। इस कंपनी ने, रूपर्ट मर्डोक की जो कंपनी है एसआईपीएल यानि स्टार इंडिया प्रोडक्शन लिमिटेड कंपनी जो है, उस कंपनी ने एमसीसीएस से एक एग्रीमेंट किया, लाइसेंसिंग एग्रीमेंट, शेयर होल्डिंग एग्रीमेंमट, उस एग्रीमेंट में क्या लिखा हुआ है, उसका सिर्फ एक अनुच्छेद पढ़कर मैं सुनाना चाहूंगा। इसके अनुच्छेद 7 में लिखा हुआ है"The licensee shall strictly adhere to the editorial policies and, accordingly, shall not change or amend or deviate from the editorial policies without prior written consensus of the licensor". लाइसेंसी यानि एमसीसीएस और लाइसेंसर यानि स्टार की कंपनी, रूपर्ट मर्डोक की

कंपनी। अब एमसीसीएस आपको जो 74 प्रतिशत भागीदारी दिखाने का प्रयास कर रहा है, यह कहा जा रहा है कि तुमने हिन्दुस्तान में स्टार न्यूज के माध्यम से जो कुछ भी दिखाना है उस पर एडीटोरियल फैसला सभी मर्डोक साहब करेंगे और उनसे पूछे बगैर कोई परिवर्तन मत करना। अब बताइए, अपलिंकिंग पोलिसी का अर्थ क्या है? यह क्या लाइसेंसी एग्रीमेंट आपके पास नहीं है? अब एमसीसीएस का जो प्रपोजल आया, जो सीसीएस में चर्चा हुई, उसमें एक लाख रुपए की पेडअप कैपिटल बताई गई, उसके बाद चार करोड़ रुपए। एक समचार चैनल को चलाने में प्रतिमाह कम से कम पांच करोड़ रुपए तो आपरेशनल खर्च है, ट्रांसपोडर का खर्च अलग होगा, बाकी बाते हैं, एडवर्टाइजमेंट कर रहे हैं वह तो बाद की बात है। यह पांच करोड़ रुपए प्रति माह खर्च होता है यानि एक साल में 60 करोड़ रुपए का खर्चा होगा। इतना बड़ा आपरेशनल खर्च उठाने के लिए एक कंपनी कहती है कि हम चार करोड़ रुपए में पूरी कंपनी चला लेंगे। सरकार चुप है। यह बड़े स्पष्ट ढंग से दिख रहा है कि कैसे स्टार टीवी वाले हमको मूर्ख बना रहे हैं, फिर भी सरकार बोल रही है कि हम अध्ययन कर रहे हैं। सरकार ने आज तक स्टार टी.वी. वालों से नहीं पूछा कि पिछले तीन महीने में स्टार टी.वी. जिस तरह से देश में चला, उसमेंम इन्वेस्टमेंट कहा से आया? शुरूआत में जो कैपिटल इन्वेस्टमेंट हुआ उसमें लगभग 200 करोड़ रुपए लगे हैं पूरा उनका इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर। 21 जगह तो ब्यूरो हैं उनके। कितने स्टूडियोज हैं, कितना स्टाफ है, लगभग 187 से ज्यादा स्पेक्टेटोरियल स्टाफ हैं। यह सारा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का जो कार्यक्रम था, इसमें 200 करोड़ रुपया कौन लेकर आया. किसका इन्वेस्टमेंट है? क्या सरकार इसको इन्वेस्टमेंट करना चाहेगी? मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं।

आखिरी स्पष्टीकरण। मैडम, हमारे देश में जो एफडीआई – फारेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट- की पॉलिसी है, वह प्रिंट मीडिया के लिए, अखबारों के लिए यह है कि एक भारतीय के पास मीनिमम 51 प्रतिशत भागीदारी होनी चाहिए किसी भी अखबार में। प्रिंट मीडिया के लिए इस तरह का एक साफ-साफ विचार दिया गया है, यह बहुत अच्छा विचार है, इसका मैं समर्थन करता हूं। फिर यही विचार इलैक्ट्रानिक मीडिया के लिए क्यों नहीं दिया गया? आज इलेक्ट्रोनिक मीडिया में सबसे ज्यादा शेयर होल्डिंग मरडोक के पास थी। कुमार मंगलम बिरला के पास 25 प्रतिशत थी। उसने बोला कि मैं 25 प्रतिशत लेकर मरकोड के आगे-पीछे नाचूंगा नहीं। उसने बोला कि मुझे 51 प्रतिशत दे तो मैं आता हूं, 26 से ज्यादा दे तो मैं आता हूं। वह उसने नहीं दिया। उसके बाद जो फर्जी लोग हैं दिल्ली और मुम्बई के, उन लोगों में किसी को पांच परसैंट, किसी को कुछ, ऐसे करीब-करीब 30 परसैंट हो गया। उन सबके नाम और किसका कितना इन्वेस्टमेंट आया, वह सब बताकर मैं सदन का टाइम वेस्ट नहीं करना चाहता हूं। तो क्या सरकार इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए भी इस प्रकार की व्यवस्था करेगी कि 51 प्रतिशत मीनिमम एक भारतीय के हाथ में होनी चाहिए ताकि अपलिंकिंग पॉलिसी की जो आत्मा है कि ऐडिटोरियल कंट्रोल, सम्पादकीय नियंत्रण अंततः भारतीय व्यक्ति के पास हो? क्या इस आत्मा को और इस विचार को मानते हुए इस प्रकार की कोई नई व्यवस्था, अपलिंकिंग पालिसी में संशोधन करके, सरकार सदन में आना चाहेगी?

मेरी बात खत्म हो चुकी है, थोड़ा सा विषय से आगे जा रहा हूं कि जी.टी.वी. पर रोज प्रचार आ रहा है कि 1 सितम्बर से डी.टी.एच. ला रहे हैं। अभी कैस की मारा-मारी से हमारी

जान उभरी नहीं, डीटीएच लाने का प्रचार चल रहा है जी.टी.वी. पर। डीटीएच को क्या आपने लाइसेंस दे दिया है? किस-किस को लाइसैंस दिया है, जरा यह भी बताने की कृपा करें? और एक बात, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि यदि डीटीएच आ गया तो कैस की क्या जरुरत होगी, कैस का क्या उपयोग होगा? धन्यवाद मैडम।

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Madam, after the most outstanding speech of my good friend Nirupam, there is very little left to say. I only want to flag one particular point for the hon. Minister. When this Amendment Bill was first introduced, it was first passed in the Lok Sabha. In the Rajya Sabha - my good friend was not the Minister then - the then Minister *(Interruptions)...*

श्री संजय निरुपम: मैडम, एक मिनट। माननीय कपिल सिब्बल जी स्टार टी.वी. के वकील हैं क्या? अगर हैं तो क्या वे इस सदन में बोल सकते हैं?

श्री कपिल सिब्बल: मैं बोल रहा हूं।

श्री संजय निरुपम: मैं यह पूछ रहा हूं। मैडम, अगर अलाऊ करती हैं तो बिल्कुल आप बोलिए। मैं एक सवाल उठा रहा हूं कि आप उनके वकील हैं?

श्री लालू प्रसाद: ये इस सदन के मैम्बर हैं।

श्री संजय निरुपम: मैम्बर है, लेकिन मैंम्बर के अतिरिक्त आप वकील भी हैं। अब इस वकालत के ऊपर, यहां राम जेठमलानी जी बैठे हैं आप उनसे पूछ लीजिएगा कि मैं सही हूं या गलत हूं, जो भी बोला जाएगा, मैं बैठ जाऊंगा, सुन लूंगा।

श्री कपिल सिब्बल: अरे भाई, आप पहले मुझे बोलने तो दीजिए, उसके बाद आप कुछ कहिए। आपको मालूम है कि मैं क्या बोलने वाला हूं? पहले मुझे बोलने तो दीजिए।

उपसभापति: आप जो मुझसे सवाल पूछ रहे हैं, मुझे उसका जवाब नहीं मालूम, वे मैम्बर खुद ही बता सकते हैं। वे बताएंगे तो मालूम हो जाएगा।

श्री कपिल सिब्बल: आप फिक्र मत कीजिए। Madam, the point that I was wanting to make was that when this Bill came to the Rajya Sabha, we approached the hon. Minister and he said that this really should be sent to the Standing Committee because there are very complex issues involved in this particular Bill, issues which relate to four players in the market - the Broadcasters; the Cable Operators which includes the MSOs (Multi Service Operators) and the LMOs (Last Mile Operators); the consumers, who are

going to receive the news and entertainment; and, ultimately, the Government. We said that because of the complexity of the issues of Set Top Boxes, how they are to be manufactured, who is going to manufacture them, who is going to import them, at what prices they are to be imported, what is the price at which the consumers are getting these channels at this point in time, what will be the ultimate price, all these factors, first, must be gone into. And the matter was adjourned from time to time, the Bill was not put, and, ultimately, towards the last day of the Session, the Minister on the floor of the House assured us. What did she assure us? She said! "I will make sure that the prices at which the consumer gets the product at home, after CAS, will not be more than the prices at which he gets it now!" That was the bottom line. Now, what is the average price which the consumer pays? The average price- I am speaking nationally--is Rs.157. Now, will the Minister tell this House, after CAS, what will be the average price? I am not going into all the details that my good friend, Mr, Sanjay Nirupam, has gone into because the fact of the matter is that after the import of Set Top Boxes is made, after the entertainment tax is paid, after the service charge is paid, the price will automatically be beyond Rs.100/-. Now, you have no method in this Bill to regulate the price which the broadcaster will charge the consumer. You do not have any method; that is why, you are negotiating with the broadcasters on a daily basis; you are persuading the broadcasters to-bring down their prices, whether they are going to offer a bundle of channels or a bouquet of channels or individual channels. And naturally, as far as the prices are concerned, since they are not subject to any regulatory mechanism, they are going to decide as to what price they are going to charge. And going by the prices, as of now, the average price for the four or five main broadcasters would be more than Rs.200/-; 'as of now' I am saying. So, automatically, the price to the consumer would be over Rs.3Q0/-, or Rs.350/-, which is contrary to the assurance given by the Minister because the average price, then, was Rs.150/-. Would the hon. Minister explain to us as to what the economics of it is? That is the first point I wish to make.

The second point I wish to make is that, in fact, in this process, you are bringing in monopolies in the system. My good friend, Mr. Sanjay Nirupam, has rightly said that the present cable operators are not operators who have much financial strength. These operators today are not going to be able to provide Set Top Boxes because they do not have the money to buy the Set Top Boxes. As you know, if you were to supply the entire Set

Top Boxes in the country, the total amount of investment would be over Rs.2,500 crores. Now, the cable operators in India, who are about 30,000 in number, do not have that kind of financial capacity to invest Rs.2,500 crores. So, what is happening is, the big players who are actually running the channels, who are also broadcasters, have, therefore, set up cable companies. And they are monopolising the market! You have the Hindujas, the TMT. Hindujas are my clients, but I speak against them in this House. The Hindujas and TMT will be monopolising the market. *...(Interruptions)...* SAB Hathaway- They will be monopolising the market. Siti Cable, Inn Cable also. Why are they going to monopolise the market? Ultimately, you are telling the consumer, "Look, you do not have to pay Rs.2,ooo or Rs.2,500 for your Set Top Box!" But this is what the broadcasters are telling them, this is what TMT is telling them, "You will have to pay. We will make you to pay between sixty paise to one rupee per day!" It is about Rs.30 per month. Now, today, a cable operator cannot provide that to the consumer. An ordinary cable operator cannot provide that. Naturally, all this business will shift to the monopolies. Now, the essence of bringing down the prices is competition. You have seen it in the telecom sector. You started with two players and suddenly you realised, through experience, that two players were not going to bring down the prices. So, you had to expand it.- You have accepted that principle, open access, in the Electricity Bill. But instead of applying the principle of open access, which you have applied in the telecom sector and in the electricity sector, you are giving monopoly. You are not applying the same principle in this sector. The principle that you are applying is giving monopoly to big broadcasters. Could the Minister explain why this is being done? Why is a monopoly situation being created? In fact, what is happening today, for the consumer, is, CAS stand for "confusion, anarchy and strike"; for the big broadcasters, CAS stand for "cash"; and for the Government, whose approach is casual, the letter "C" in CAS stands for "casual". That is the reality of the situation today.

You try to bring in Set Top Boxes only to set right one particular problem, namely, a lot of cable operators were not revealing the number of consumers that they were servicing. The reason given by the Minister the previous day was that there was under-reporting and once you had the Set Top Boxes, there would be no under-reporting. Therefore, the broadcasters could afford to provide the channel at a lower price. That was the rationale that the* Government was giving. The total amount of money that is being

collected by the cable operators is something over Rs.9,500 crores and what is reported is only 15-20 per cent. So, to that extent the principle was right, namely, to have Set Top Boxes to give equity to all players in the market, be it a broadcaster or be it a consumer or be it a cable operator. All players in the market must be governed by the principle of equity. We don't want to favour anybody, nor should any Government favour anybody. But, unfortunately, this principle will not be realised because, through this policy, you will give monopoly to the broadcasters. The old cable operators will vanish, as my learned friend has stated. You have stated in your statement that today over one lakh Set Top Boxes have been imported. How will over a lakh of Set Top Boxes service four million consumers?

श्री अमर सिंह: तो प्रेस का जो टैक्नो-इकोनोमिक पजल है यह मेरी समझ में नहीं आता है, लेकिन एक मोटी बात मैं समझता हूं कि जो विदेशी कंपनी स्टार है, मैं नाम ले रहा हूं, घृष्टता के लिए क्षमा चाहता हूं, एक लाख की पेड अप कैपिटल, अभी हमारे एक साथी भी बोल रहे थे, एक लाख की पेड अप कैपिटल से कई सौ करोड़ रुपये का वह बिजनेस करती है। मैं समझता हूं कि हॉर्डवर्ड और वाटन जाने की जरूरत नहीं है। आप इनको बुलाइये। मैं एक करोड़ रुपया देता हूं और उससे उन स्वदेशी कंपनियों का निर्माण करें जो तीन-तीन सौ करोड़ का धंधा करें, तो मैं इनको प्रणाम करुंगा। एक लाख की पेड अप कैपिटल और तीन तीन सौ करोड़ का धंधा। कभी कुमारमंगलम बिरला, कभी हमारे दोस्त सोहेल सेठ और यह जो कहा कि कई इसमें ऐसे-वैसे लोग हैं, कोई ऐसे-वैसे लोग नहीं हैं। राम करांजे वाला, वीर संघवी, सोहेल सेठ, ये सब समाज के ऐसे लोग हैं जो कि समाज के निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता रखने वाले बड़े लोग हैं। ये कोई सामान्य लोग नहीं हैं। मैं बहुत गंभीरता से कहना चाहता हूं कि यह बहुत गंभीर मामला है। ठीक है, अगर आप चाहते हैं कि खुली छूट दे दी जाए, तो कानून बनाइये, प्रावधान कीजिए। रूपर्ट मरडोक, ये महाशय कौन हैं? ये आस्ट्रेलिया के मीडिया मुगुल हैं। अमेरिका में इनकी नागरिकता को लेकर झंझट हुआ तो ये वहां के नागरिक बन गए। भारत बहुत बड़ी मंडी है। हो सकता है व्यापार के लिए कल आपके देश के नागरिक बन जाएं। अगर ये आस्ट्रेलिया छोड़ करके अमेरिका बस गए, तो अमेरिका छोड़ कर भारत में भी बस सकते हैं। इनका इतिहास मैं आपको बताना चाहता हूं। आदरणीय मंत्री जी, 1992 में जब इंग्लैंड की लेबर पार्टी ने क्रॉस मीडिया रेस्ट्रिक्शन की बात की तो इन्होंने इंग्लैंड में खुली चेतावनी सरकार को दी और कहा कि हम कंजरवेटिव को समर्थन करेंगे। कंजरवेटिव जीत गए, टोरी जीत गए और रुपर्ट मरडोक ने खुले आम कहा कि हमने टोरीज को जिता दिया। इन्होंने अपने देश को भी नहीं छोड़ा। अपने वामपंथियों को साथियों को हम बताना चाहेंगे, वे जरा ध्यान दें। वहां पर लैफ्ट लीडिंग के गौ बकलांग की वहां सरकार थी और उनका सब से बड़ा अखबार "द आस्ट्रेलियन" था। उस अखबार ने लेबर पार्टी के खिलाफ चुनाव में काम किया, क्योंकि वे उनके बिजनैस में साथ नहीं दे रहे थे। ऐसे व्यक्ति जो बुरा करते हैं, जो कि यह दावा करते हैं कि हम सरकारें बनाते हैं और बिगाड़ते हैं, मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे लोग जो सांसदों को, राजनेताओं को प्रलोभन देते हैं, खरीदने की कोशिश करते हैं, ये विदेशी लोग जो देश की पूरी व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन कराते हैं, उनके बारे में ऐसा अगर एक संदेश जाता है कि विशेष रुप से उनको सुविधा दी जा रही है, तो वह सही नहीं होगा। कोई देसी चैनल अगर जाता है तो उसके तो तलुवे रगड़ दिया जाते हैं और इनको हर हफ्ते एक्सटेंशन मिल रहा है, इनको अपलिंकिंग की सुविधा मिल रही है। ...(**व्यवधान**)... आप यह बताइये कि यह प्रोक्सी एडिटोरियल कंट्रोल जो इनका है, इसके बारे में आप क्या करने जा रहे हैं? यह हमारे दोस्त सोहेल सेठ-वोटिंग राइट उसका है। कुमारमंगलम बिरला को वोटिंग राइट था या राम करांजेवाला को है, वीर सिंधवी बड़े पत्रकार हैं उन्हें है। डायरेक्टर नहीं रख सकते। जो संजय ने अभी पढ़ा है, उसमें यह है कि कहीं पर कुछ कर ही नहीं सकते, एक चीटीं तक नहीं हिल सकती, लेकिन इन्होंने तकनीकी रुप से सजा-धजा करके पेश कर दिया कि देखो स्वदेशियों को हम ले आए हैं। जैसे ही कोई जेबी सदस्य नहीं मिला, कुमारमंगलम बिरला हम नहीं कहते, सिब्बल जी, जैसे कि पार्किंग लाट का एलाटमेंट होता है, ये लोग व्यक्ति नहीं हैं, सब हमारे दोस्त हैं, मैं इनको प्रणाम और नमन करता हूं, लेकिन इन्होंने अपने आपको पार्किंग लाट बना दिये हैं, रुपर्ट मरडोक की पार्किंग लाट। रुपर्ट मरडोक का पार्किंग लाट बन करके ये लोग बने हुए हैं और मंत्री जी, हफ्ता दर हफ्ता इनको

अपलिंकिंग की सुविधा दी जा रही है। यह बहुत खेद का विषय है। आपकी छवि बहुत अच्छी है, आप हमारे युवा साथी हैं। मैं कोई आरोप नहीं लगाना चाहता, लेकिन निश्चित रुप से संदेह की सुई घूमती है। अगर कोई ऊपर का दबाव हो या कहीं से यह आदेश आया हो कि रुपर्ट मरडोक को लाभान्वित करो तो अलग बात है, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि सूचना प्रसारण मंत्रालय के आप हैड हैं और इसलिये आप किसी दबाव को मत मानिए। मेरा आपसे यह अनुरोध है। अगर कोई देश के कानून को, कितना भी बड़ा मीडिया या आदमी, तौड़ रहा है और मनमानी करना चाहता है तो उसको रोकने के लिए आप क्या करेंगे? यह आप सदन को बताइए। मेरा आपसे इतना ही प्रश्न है। घंटी बज गई है। बहुत बहुत धन्यवाद।

उपसभाति: कोई तो है, जो आपकी घंटी बजा देता है। श्री सी.पी. तिरुनावुक्कारासु।

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): Madam, Deputy Chairman, thank you for giving me permission to participate in the Calling Attention. As far as the Metropolitan cities of Delhi, Calcutta and Chennai are concerned, the Conditional Access System has not been implemented there. On the other hand, it was introduced in Chennai alone. As far as Chennai is concerned, based on the feedback from MSOs, in Chennai, it has been decided to implement it at one go. And it was said here by several Members that the Sumangali TV System is the Multi-System Operators; they are having a lot of Television Channels under their control. I want to submit here that they are minting money like anything; it has already been alleged by my learned friends. My submission is that MSO is taking the responsibility of introducing the CAS in the whole city of Chennai. My further fear with regard to that is, instead of complimenting the Sumangali Television, they are putting mud on them, it is not good.

SHRI N. JOTHI: Nobody will appreciate the Chambal Valley people. *...(Interruptions)...* Who will appreciate the Chambal Valley people? *...(Interruptions)...*

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: I beg your pardon. What is it?

SHRI N. JOTHI: Nobody will appreciate Chambal Valley people.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: You are the pioneer of Chambal Valley. This kind of *unnecessary... (Interruptions)...You* are *...(Interruptions)...*

* Expunged as ordered by the Chair.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No; I am not allowing. *...(interruptions)...Let* him speak. *...(interruptions)...*

SHRI N. JOTHI: Mr. Maran's family is dealing with it. *...(Interruptions)...* He wants appreciation for that. *...(Interruptions)...* Mr. Maran's own family is having five channels and they have centralized Sumangali Cable Vision. *...(Interruptions)...SumangaW* Cable Vision has monopoly all over Tamil Nadu and he wants Chambal Valley to be appreciated!

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: You have swindled money. *...(Interruptions)...*You have been convicted for two years. *...(Interruptions)...*

SHRI N. JOTHI: No; these are not facts. ... *(Interruptions)...* It is his own imagination. *...(Interruptions)...*

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: It is not imagination. *...(Interruptions)...* It is a fact that you have been convict*ed...(Interruptions)...* for not spending...*(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. *...(Interruptions)...*No; not you. *...(Interruptions)...* You have been allowed to speak, but don't bully him. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...*

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: You are the *....(Interruptions)...*

SHRI N. JOTHI: Madam, this is too much. I want it to be expunged from the record. *...(Interruptions)...*

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD : Madam, I would appreciate that the quality of the debate is indeed very high. *...(Interruptions)...* I request the Members to just keep it that way.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: Sir, I am doing that.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

THE DEPUTY CHAIRMAN: When Members from Tamil Nadu speak, they can never get out of Tamil Nadu. Their channels are only focussed on Tamil Nadu and on each other in this House. They only transmit to each other. The AIADMK transmits to DMK, and the DMK transmits to AIADMK. Beyond that, there is nothing. *...(Interruptions)...*

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: Madam, I am not accusing anybody. *...(Interruptions)...* Madam Deputy Chairperson knows about that. I have not said anything about the AIADMK at all. He just made some accusations against the Sumangali Television. I said...*(Interruptions)...*

SHRI N. JOTHI: They were not accusations. *...(Interruptions)...* They were factual things.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU: The factual picture is that the Multi-System Operator is the Sumangali Television. It is mainly responsible for introducing pay channels in Chennai. ... (*Interruptions)...*The hon. Minister has stated this in his Statement also. I am reading it as it is from the Statement. I am not reading anything away from that. Another point which I would like to say...*{Interruptions)...*Madam, kindly direct him to go to his seat. I don't want his unnecessary running commentary. Then, they have imported 1,07,882 STBs. According to the Statement made by the Minister, "It is also expected that with the increasing demand and indigenous production and supply, the prices are likely to fall further. Steps are also being taken to ensure quality of the STBs." My submission is, you have purchased 1,07.882 Korean-made STBs. They are of inferior quality. And, you also mentioned that the prices are going to be reduced further. You also mentioned that steps will be taken to improve the quality of the STBs also. Under those circumstances, why do you want to dump all these things at Chennai? The prices are likely to fall further and the quality is going to be improved. If that is the case, why do you want to supply Korean-made STBs to Chennai? I want the hon. Minister to kindly think over this.

Finally, I would like to say that in the "Economic Times", New Delhi, it has been mentioned, "doubts have arisen because Star's Direct-to-Home applicant Space TV has been formed by Star employees (as promoters and CEO) with an equity base of Rs.10 crores. The source of funding is, therefore, open to question." My request to the hon. Minister is that if there are really benami transactions by Star TV, it may kindly be looked into.

Madam, further, I understand that the Star TV has not filed its income-tax return for the past four years. Under those circumstances, I want to know whether the Government of India, the Ministry wants to give uplinking facility and renew the licence further. It may kindly be clarified by the hon. Minister. Thank you.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Goa): Madam. I think, the whole House agrees and I hope, the hon. Minister will also agree that there are serious loopholes in the uplinking guidelines. Therefore, I would urge the Minister to amend these guidelines, and while amending these guidelines, to take the Opposition into confidence. I am surprised on how these guidelines for uplinking which were made just a couple of months after the guidelines for print media maintain so many loopholes that the people take advantage of, as has been mentioned here. Therefore, in particular, I would urge the hon. Minister to amend these guidelines, and when amending them, bring them in line with the guidelines for the print media.

Secondly, Madam, Deputy Chairperson, now, the guidelines are there, whatever guidelines are there, they are there. It is the consensus of this House that whoever has violated these guidelines, whichever individual or entity has violated these guidelines, those persons should not be allowed to go scot free. Particularly, when it happens to -- it has been mentioned again here, and I am not taking the names at this stage -- entities which globally are trying to get a monopoly, not only of the electronic media but also of the print media. And within the country they are trying to get monopoly everywhere, from the radio to direct-to-home, to uplinking. Therefore, you have to take action against these entities. Don't allow them to go scot free. They are doing it globally, and they are not doing it for a good cause.

Thirdly, I would really urge the hon. Minister to do what the Supreme Court had asked the Government of India to do as early as in 1995. The Supreme Court, in the case of Union of India versus the Bengal Cricket Association had mentioned it very clearly that the Government should constitute a regulatory body and the relevant parties to this regulatory body should be independent, and autonomous, so that the things that have been mentioned here should not happen.

Now, let me clarify what I mean. It is so surprising that when you had the guidelines for uplinking, just a couple of months after the guidelines for print media, you make it in such a manner that all these problems now have arisen. For instance, the guidelines for the print media provided that at a minimum 51 per cent equity to be held by the largest Indian shareholder. Why did you drop that? Why did you make it 74 per cent and so fragmented that just you can have 74 Indian people with the control with the 26 per cent, the foreign partners? Why? Secondly, there is a clause in the print media guidelines for full disclosure. It is so good to have disclosure and transparency. Full disclosure, at the time of application, of shareholder's agreements and loans. This was made precisely to prevent *benami* agreements, and to prevent, this web of deceit and this corporate veil, which I will in a moment demand, should be torn and should be ripped apart in some cases so that you get at the reality.

Then, the print media guidelines provided that three-fourths Directors on the Board to be Indians. Why did you reduce it just to majority? Why? You also provided that out of 26 per cent foreign equity, 50 per cent of it has to be raised through fresh issue of shares in the case of print media guidelines. That means, even 26 per cent, you cannot hold it, one alone, for 13 per cent you have to go to the market and that you have to fight to get this 13 per cent. Now, why have you dropped all these guidelines? Will you kindly enlighten the House? Also, the plea is here, which is a plea also, I suppose I represent the consensus of this House when I say that you bring the electronic media uplinking guidelines in line with this print media guidelines so that you avoid all these problems. Now, I have also mentioned here as a second point, where I would like to have the views of the Minister, because we are here not to make so much of speeches but to get the views of the Minister. We look up to you, Mr. Minister, to specifically deal with specific points that I and other colleagues are making here. As the second, point, I had said here, "Take action against those who have violated the existing guidelines." And, now you have a series of people, and I have mentioned about the people who make this corporate web that you have to pierce through to get at the reality. Now,' you have here, throughout the air wave system, throughout the broadcasting system, in FM radio service no foreign equity is allowed. However, see how it goes? No foreign equity is allowed, however, what happens? You have in the Radio City, foreign investment to the tune of Rs. 58 crores *via* DG Wave, which is a subsidiary of the Star-India; Radio

City- *via-DG* wave-wa-Star India-v/a-the News Corporation of U.K. Actually, who is financing the Radio City, where no foreign capital investment is permitted? Who is financing; it is 100 per cent the News Corporation of U.K. Therefore, you have got to look at the reality, and cancel the licence because this is an abuse of the law, circumvent in the law. Cancel the licence of FM radio service; you show us really that you are taking action because even the existing law, which has so many loopholes, has got to be obeyed. We are not talking here about foreigners and Indians. As a matter of fact, having foreign companies is not so bad. It helps us compete. It helps us improve, but foreign companies cannot disobey the national laws. Everybody has to obey the indigenous laws, foreign, or, otherwise.

Then I mentioned about the radio. Now, look at what we have been talking here about, Direct to Home Service licence. Now, Direct to Home Service licence has to be a 100 per cent indigenous investment. How does it go? There is Space TV. The Space TV is created for this investment. The Space TV is in the name of two employees of Star, functioning on the same office of Star, which is a foreign company. The loan security of Rs. 10 crores has been given by the Star TV, which is a foreign company. Therefore, the Finance Ministry itself has said that equity being given by the two employees cannot be treated as domestic equity. However, the letter of approval has been given to Space TV. I would request that this letter of approval should be withdrawn, because it has been given in breach of law.

Thirdly, you have, what we have been talking about here, the uplifting of news and current affairs. Foreign equity of the promoters is just 26 per cent as per the law. There was a gentleman who bought 30 per cent of the equity at Rs. 1.2 crores, when running any reasonable new channel requires, at least, Rs. 300 crores. How does it happen? He buys 30 per cent of equity at Rs. 1.2 crores when the cost of 100 per cent is Rs. 300 crores. And then, see what happens. As per the agreement, the 30 per cent man does not" count at all; 26 per cent corporation entity decides on the employees. All the employees are to be appointed, or, all of them are to be removed by the 26 per cent, not by the 30 per cent. The editorial control is in the hands of the 26 per cent, not on media content and communication with the Indian company, not in the hands of 30 per cent, not in the hands of-the 74 per cent. *(Time-bell)...* And, to add to all this, the whole company can be dissolved, if the 26 per cent, the foreign component, does not want

4.00 P.M.

the company to survive. You see, if the other remaining 74 per cent wants the dissolution of the company, the company is not dissolved. But if the 26 per cent wants it to be dissolved, it is dissolved. So, this is how this company ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Eduardo Faleiro, would you leave some time for your colleagues?

SHRI EDUARDO FALEIRO : Sure, Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Then, you might stop now.

SHRI EDUARDO FALEIRO : Yes, Madam. So sweet of you!

THE DEPUTY CHAIRMAN : That I am; I know.

SHRI EDUARDO FALEIRO : Now. at the request of the Chair - in fact, it is the direction of the Chair -- I would conclude. Mr. Minister, would you reply to the specific points that I have made?

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI RAMA SHANKER KAUSHIK) in the Chair]

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार)**:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सशर्त सम्पर्क प्रणाली (कैस) के कार्यान्वयन तथा विदेशी चैनलों की अपलिंकिंग नीति के बारे में जो वक्तव्य मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है वह अपने आप में बहुत भारी विरोधाभास लिए हुए है। कैस उपभोक्ता को दर्शक मित्र दिखाने के पीछे जो स्वांग है उसके पीछे सच्चाई बहुत ही कड़ी है। बिना किसी बुनियादी तैयारी के घोषित कर दिया जाता है कि 14 जुलाई से चार महानगरों में कैस लागू कर दिया जाएगा। केबल ऑपरेटर्स की मनमानी से परेशान उपभोक्ता को यह भरोसा दिया गया कि कैस उनका मित्र है और उन पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा। दर्शक जितना देखेगा उतना ही पैसा देगा, अनचाहे कार्यक्रमों से उसे मुक्ति मिलेगी, बच्चों के कोमल मस्तिष्क को अपसंस्कृति से बचाने में उसको पूरी कामयाबी मिलेगी। महोदय, यह ताबड़तोड़ घोषणा हो गई, चार महानगरों में चरणबद्ध ढंग से कैस लागू करने की घोषणा कर दी गई। दिल्ली, मुम्बई में – पहले यह हुआ कि सम्पन्न इलाकों में कैस लागू किया जाएगा उसके बाद अन्य इलाकों में लागू किया जाएगा। इस तरह की दोहरी प्रसारण नीति को लागू करने की बात की गई। तो मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि इतनी हड़बड़ी क्या थी कैस को लागू करने में, क्योंकि कैस की चाल तो शुरू से ही बिगड गई थी। इतना भ्रम फैला दिया गया था, कुछ भ्रम जानबूझ कर फैलाया गया, कुछ अनजान बनकर फैलाया गया और उसका परिणाम यह हुआ कि भ्रमजाल में फंसकर विवादों में उलझकर यह कैस एक ऐसी अंधी गली में चला गया जहां न तो आगे जाने का कोई रास्ता है

और न पलटकर बाहर निकल जाने का कोई रास्ता है। हमारे काबिल मंत्री जी चार करोड़ दर्शकों के लिए एक नीति नहीं बना पाए। हालांकि उनका दिन भर यह ऐलान होता रहता है मीडिया और अन्य जगहों पर कि हम उपभोक्ताओं के पक्ष में हैं, हम उपभोक्ताओं के मित्र हैं। मगर अब कमान उनके हाथ से निकल गई है तथा ब्रॉडकास्टर्स और केबल ऑपरेटर्स के हाथ में चली गई और वे इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि उनकी इस हाय तौबा ने प्रधान मंत्री जी को इसमें हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर कर दिया। तो मंत्री जी से मेरा यही जानना है कि कैस लागू करने की क्या हड़बड़ी थी? कैस लागू करने से पहले सेट टॉप बॉक्स की कितनी जरुरत पड़ेगी, क्या उसका सम्पूर्ण तौर पर आकलन किया था? अगर आकलन किया गया था तो क्या उतनी संख्या में आपने सेट टॉप बॉक्स बाजार में उपलब्ध कराए या नहीं और उपभोक्ता दर्शकों को यह क्यों नहीं बताया गया कि हर टी0वी0 के साथ बाक्स चाहिए और जब स्थान बदलेगा या घर बदलेगा या प्रदेश बदलेगा तो क्या वही सेट टॉप बॉक्स काम आएगा या दूसरे सेट टॉप बॉक्स की जरुरत पड़ेगी। यदि वहां सेट टॉप बॉक्स नहीं मिला तो क्या उतने दिन वे उन कार्यक्रमों से वंचित रह जाएगा। इस तरह के सवाल उपभोक्ताओं के मन में उठते रहे और सरकार के नित्य बदलते हुए बयान से उपभोक्ता दर्शक परेशान हो गया। तो क्या उसे सूचना और मनोरंजन के मौलिक अधिकार से वंचित होना पडेगा? यह कैसा कैस मित्र है जो हमें हमारी सूचना और मनोरंजन के अधिकार से वंचित करने आ रहा है। सरकार ने नियम बनाते हुए केवल ऑपरेटर्स को निर्देश दिए कि वह अपने केबल के माध्यम से कम से कम 30 चैनल दर्शक के टी0वी0 पर उपलब्ध कराए। इसके लिए 72 रुपया और सभी करों साहित करीब 100 रुपया प्रति माह देना पडेगा। शैक्षणिक, खेल, संगीत, ज्ञान आदि के वर्गीकरण में केबल ऑपरेटर्स को यह तो निर्देश दिए गए पर यह निर्देश नहीं दिया गया कि वह कौन से चैनल दिखाए। इसमें निशुल्क चैनल देखने वालों में दर्शकों को अपनी राय शामिल करने का कोई भी रास्ता नहीं दिया गया। केबल ऑपरेटर आज भी अपनी मर्जी से चैनल दिखाते हैं और कैस आने के बाद भी वे अपनी ही मर्जी से चैनल देखने को मजबूर कर देगा। इसका नियंत्रण कौन करेगा? दर्शक के हितों को कौन देखेगा, यह मैं आपसे जानना चाहती हूं। सैट टॉप बॉक्स विदेशों से आयात किए गए। हमारा लगभग 24 सौ करोड़ रुपया बाहर चला जाएगा। जैसाकि निरुपम जी ने बताया कि हमारे देश में आई.आई.टी. कम्पनियां इस तरह के सैट टाप बाक्स बनाती हैं। मैं मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि बिल पास होने और लागू करने के बीच काफी समय था। अगर आप चाहते तो सैट टाप बाक्स इंडस्ट्री को प्रोत्साहन देते और अपने ही देश में सैट टाप बाक्स बनाने की तैयारी कर लेते। ऐसा क्यों नहीं किया गया? इसके अतिरिक्त आप मुझे क्षमा करेंगे किन्तु मैंने माननीय बाल ठाकरे जी का एक बयान पढ़ा कि लंदन की एक कम्पनी के साथ इनका गुप्त करार हो गया है जिसमें करोड़ों का हेर-फेर हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि असलियत क्या है? इसमें सच्चाई क्या है? यह बयान उन्होंने किस बात से प्रेरित होकर दिया? महोदय, जिस हड़बड़ी में यह लागू हुआ, उससे हर व्यक्ति के मन में यह शंका उठती है कि ऐसा क्यों हुआ? ...(**समय की घंटी**)...सैट टाप बाक्स की टेक्नोलॉजी के संबंध में अन्य माननीय सदस्यों ने जो शंकाएं जाहिर कीं, मैं उनके स्वर से अपने स्वर को मिलाकर जानना चाहती हूं कि टेक्ननोलॉजी के बारे में आप स्पष्ट करें कि हमारे देश के हित को किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं होगा। छोटे-बड़े केबल ऑपरेटर इस तरह की व्यवस्था में बेरोजगार हो जाएंगे। उनके भविष्य के बारे में भी मैं जानना चाहूंगी क्योंकि ये केबल इंडस्ट्री को नष्ट कर रेह हैं। महोदय, मैं थोड़ा सा समय और लूंगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): एक मिनट में समाप्त कर दीजिए।

श्रीमती सरोज दुबे: महोदय, दो मिनट का समय और लूंगी। 15 जुलाई को प्रसार की तारीख कभी भी ब्रॉडकास्टर्स को पसंद नहीं आयी थी। यह भी सच है कि बहुराष्ट्रीय प्रसारकों ने कैस की योजना को कमजोर करने में कोई कसर नहीं रखी और उसमें उन्होंने सफलता भी हासिल की। प्रारम्भ में यह तनाव प्रसारक और केबल ऑपरेटर्स के बीच में था क्योंकि प्रसारक केबल ऑपरेटर्स पर ही निर्भर करते थे। ज्यों ही दो रुपए का रेट और फ्री टू एयर चैनल की बात सामने आयी, प्रसारकों ने तुरंत रेट बढ़ाकर झटका दे दिया। उन्हें मालूम है कि कन्टेंट प्रोवाइडर ये ही लोग हैं। AXN टाइप के चैनलों में एडल्ट मूवीज और एडल्ट कार्यक्रम दिखाने के लिए जनाता की मांग है और इसके लिए वे जो दाम चाहेंगे, उन्हें मिल जाएंगे। अतः वे कैस के चक्कर में पड़ना ही नहीं चाहते थे। बड़े-बड़े बहुराष्ट्रीय वित्त पोषित प्रसारक अपनी बात पर इसी प्रकार अड़ जाते हैं और न जाने क्यों हमारी सरकार भी उनके सामने झुक जाती है, उनके सामने अपनी सहानुभूति दिखा देती है। उसका नतीजा हमारे केबल ऑपरेटर को और हमारी कैस की इस योजना को देखना पड़ा। महोदय, अगर यही रवैया रखना था, अगर ब्राडकास्टर के सामने ही आपको नतमस्तक होना था तो फिर केबल ऑपरेटर को आपने सब्ज बाग क्यों दिखाए? उन्होंने तो बाक्स वगैरह के लिये कम से कम दो सौ करोड़ रुपए लगा दिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): अब कृपया समाप्त करें।

श्रीमती सरोज दुबे: महोदय, अगर इसी प्रकार से दोहरी व्यवस्था लागू रही तो सैट टॉप बॉक्स कौन खरीदेगा? इसी बीच कैस की तीसरी व्यवस्था की बात भी चल गयी कि पहले एक हिस्से में लागू होगा, फिर दूसरे हिस्से में और फिर तीसरे हिस्से में लागू होगा। मैं यह जानना चाहती हूं कि इस मिसमैनेजमेंट का जिम्मेदार कौन है? एक तरफ कैस को उपभोक्ता दर्शक का मित्र बनाकर पेश किया गया और कहा कि 15 जुलाई को लागू हो जाएगा। दूसरी तरफ कैस को सीमित क्षेत्र में लागू करके केबल वालों को बताया गया कि तुम्हारे फायदे की चीज है और तीसरी तरफ प्रसारकों को डीटीएच का भरोसा देकर ही नहीं बल्कि उनको एक इरादा पत्र देकर उनके लिए वातावरण तैयार कर लिया गया। मैं जानना चाहती हूं कि इतनी भ्रम की स्थिति पैदा क्यों की?

महोदय, एक बहुराष्ट्रीय मीडिया चैनल ने आज से दो साल पहले ही कोई सौ करोड़ रुपये डीटीएच बिजिनेस में लगाए थे। बहुत पैरवी करने पर भी उसको परमिट नहीं मिला। इसी बीच प्रसार भारती ने, जब सरकार कैस में उलझी हुई थी, डीटीएच का रास्ता निजी कम्पनियों के लिए प्रशस्त कर दिया। यहां भी प्रसार भारती निजी चैनल के निजी डीटीएच के लिए रास्ता खोलने वाला हुआ। इससे भी कैस का आधार कमजोर हो गया। मैं यह जानना चाहती हूं कि जब सरकार कैस के मामले में उलझी थी तो डीटीएच का रास्ता इन्होंने क्यों खोला और प्रसार भारती ने ऐसा काम क्यों किया? महोदय, अब मैं अपलिंकिंग के मामले में कुछ सवाल करना चाहती हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): कृपया आसन ग्रहण करें।

श्रीमती सरोज दुबे: महोदय, केवल अपलिंकिग के बारे में पूछकर अपनी बात समाप्त करुंगी। स्टार न्यूज ने देश के तमाम नियमों को ताक पर रखकर अपना चैनल शुरू कर दिया। किस तरह से SHALL कम्पनी ने हमारे देश के कानून का मजाक उड़ाया है। कहने को 26 प्रतिशत शेयर Rupert Murdoch के पास हैं। लेकिन जो बाकी 76 परसेंट है वे उन्हीं लोगों के पीछे घूम रहे हैं। मैं सरकार से, मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या हम भारतीयों के लिए ही आपके सारे कानून हैं? जो बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हमारे यहां आकर हावी होना चाहती हैं, उनके लिए आपका कौन सा कानून है? अगर आपने शुरू में ही ब्राडकास्टरों पर नियंत्रण कर लिया होता तो जो आज हमारी यह कैस योजना है, यह इस तरह से फेल नहीं होती। उसको तो सब तरफ से मिलकर पंचर कर दिया और यह कैस की योजना विफल होती नजर आ रही है। अब तो ऊपर वाला ही मालिक है कि कैस कैसे चलेगा? इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

श्री सुरेश पचौरी: उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां तक मेरी पार्टी का प्रश्न है, हम किसी टेलीविजन चैनल वार में अपने आपको उलझाना नहीं चाहते हैं। लेकिन सरकार की जो मीडिया के बारे में नीति है उसमें अपरिपक्वता और अदूरदर्शिता लक्षित हो रही है। इसके साथ ही यह भी दिख रहा है कि यह सरकार राजनीतिक हित साधने की दृष्टि से कंडीशनल एक्सेस सिस्टम के मामले में कोई स्पष्ट नीति नहीं बना पा रही है, इन सब बातों को मैं उजागर करना चाहता हूं। महोदय, बारम्बार यह कहा जा रहा है कि "केबल टेलीविजन नेटवर्क अमेंडमेंट 2002" इस सदन में सर्वानुमति से 10 दिसम्बर, 2002 को पास किया गया था, बात सही है। लेकिन जिन बातों को विश्वास में लेकर वह बिल पास किया गया था क्या उन बातों का परिपालन हुआ है? क्या वह सब दिख रहा है जो उस बिल में उस समय उल्लिखित किया गया था। गवर्नमेंट आफ इंडिया ने एक नोटिफिकेशन जारी किया था। जिसके तहत यह कहा गया था कि कंडीशनल एक्सेस सिस्टम का क्रियान्वयन चार मैटोज में 15 जुलाई, 2003 तक हो जाए। उस नोटिफिकेशन का परिपालन न करने की क्या वजह है? क्या वजह है कि माननीय मंत्री जी ने 21 जुलाई, 2003 को इसी सदन में अपने प्रश्न संख्या 82 के उत्तर में यह कहा कि चार मैट्रोज से हटकर हम फेज वाइज, जोन वाइज मैनर से इस कैस को लागू करेंगे। पहले कहा जाता है कि 14 जुलाई तक चार मैट्रो सीटीज में इसका परिपालन हो जाएगा। फिर कहा जाता है कि फेज वाइज, जोन वाइज होगा। यह जो शिफ्टिंग हो रही है, इसके प्रति हम लोगों को कुछ कहना है। आखिर क्या वजह है कि कंडीशनल एक्सेस सिस्टम के मामले में जो अनिश्चितता का वातावरण बना हुआ है, उस अनिश्चितता के वातावरण को माननीय मंत्री जी कृपापूर्वक स्पष्ट करें कि वह कब और कैसे दूर करेंगे? माननीय मंत्री जी यह बताएं कि उपभोक्ता के हितों को दृष्टिगत रखते हुए चार मेट्रो सिटीज में जो लगभग 3.8 करोड़ उपभोक्ता हैं, उनके हितों को दृष्टिगत रखते हुए यह कब और कैसे शुरू करने जा रहे हैं? उसे वे किस ढंग से जस्टिफाई करेंगे, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा। महोदय, जहां तक पे टू चैनल और फ्री टू एयर चैनल का प्रतिशत है, मैं चार मेट्रो सिटीज में दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और मुम्बई का उल्लेख करना चाहूंगा। दिल्ली में पे-चैनल देखने वाले 75 प्रतिशत हैं तो 25 प्रतिशत फ्री चैनल वाले हैं। कोलकाता में 59 परसेंट हैं तो फ्री चैनल वाले 41 परसेंट हैं। मुम्बई में 72 परसेंट पे चैनल वाले हैं तो 28 परसेंट फ्री चेनल वाले हैं। चेन्नई में पे चैनल वाले 29 परसेंट हैं तो 70 परसेंट फ्री चैनल वाले हैं। अगर टोटल प्रतिशत देखा जाए तो पे चैनल का 61 परसेंट है और 39 परसेंट फ्री चैनल का है। इसी

प्रकार जो फ्री टू एयर चैनल हैं, ये 61 बताए गए हैं। इनमें 21 ऐसे चैनल हैं जो रीजनल चैनल हैं। उनमें कुछ ऐसे चैनल हैं जिनको देखने में लोग दिलचस्पी नहीं रखते हैं। यह कहा जाए कि हम फ्री टू एयर चैनल काफी ज्यादा कर रहे हैं, इस औचित्य को आप कैसे सिद्ध करेंगे? मैं आपके जरिए से यह भी जानना चाहूंगा कि जो पे चैनल का रेट है वह क्या होगा? इसको आप किस ढंग से रेक्युलेट करेंगे? जहां तक सरकार के कंट्रोल का प्रश्न है, जो केबल टेलीविजन नेटवर्क अमेंडमेंट बिल है, उसके सैक्शन-4 (ए) का उल्लेख माननीय कपिल सिब्बल जी ने किया है। इसका शॉर्ट टाइटल है, ट्रांसमिशन ऑफ प्रोग्राम थ्रू एड्रेसिंग सिस्टम। उन्होंने इसके सैक्शन 4ए के सब सैक्शन 2 का उल्लेख किया, मैं सब सैक्शन 3 का उल्लेख करना चाहूंगा "The Central Government may specify in the notification, referred to in subsection (2), the number of free-to-air channels to be included in the package of channels forming basic service tier for the purposes of that sub-section and different numbers may be specified for different States, cities, towns or areas, as the case may be." हमने उस समय यह आशंका जाहिर की थी कि जहां तक इन चैनल्स का मामला है सरकार का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए लेकिन देखने में यह आ रहा है कि सरकार किसी न किसी प्रकार से दखलंदाजी करने की कोशिश कर रही है। इसका कारण बहुत साफ है। नम्बर एक कारण यह है कि पहले तो यह कहा गया कि सेट टॉप बॉक्सेज 14 जुलाई तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे, अब माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में यह कहा कि यह 1 सितम्बर तक हो जाएंगे और उसके आगे की सीमा नवम्बर तक रखी है। यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि इस समय सीमा में माननीय मंत्री जी ये उपलब्ध करा देंगे और अगर उपलब्ध करा देंगे तो उनका रेट क्या होगा? आपसे पहले पूर्व मंत्री ने कहा कि सेट टॉप बॉक्सेज की कीमत 1500 से 1800 तक रहेगी। मैं जानना चाहता हूं कि उस आश्वासन का क्या हुआ? आप उस आश्वासन की पूर्ति-परिपूर्ति कैसे करेंगे, आप कैसे वे सारे सेट टॉप बॉक्सेज उपलब्ध कराएंगे? क्या वे एनालॉग बॉक्सेज होगें या डिजिटल बॉक्सेज होंगे? अगर डिजिटल होंगे तो उनकी क्वांटिटी और क्या क्वालिटी होगी, क्या इस संबंध में आप अपना कोई स्पष्ट उल्लेख करना चाहेंगे? हम यह जानना चाहते हैं कि भारत में बनने वाले सेट टाप बाक्सेज का उपयोग क्यों नहीं किया जाता है। एक तरफ यह बात हो रही है कि एक विदेशी हमारे टी.वी.चैनल पर वर्चस्व जमाने की कोशिश कर रहा है, दूसरी तरफ यह हो रहा है कि विदेश में बनने वाले सेट टाप बाक्सेज हमारे देश में लाने की कोशिश की जा रही है। क्या कोई ऐसी हिंदुस्तानी कंपनी है जो सेट टाप बाक्सेज बनाने का जिम्मा उठाने के लिए तैयार है? मान्यवर, मेरी अपनी जानकारी के अनुसार ...(**समय की घंटी**)...क्योंकि शायद मैं अंतिम वक्ता हूं इसलिए मैं तीन चार बातें कहकर अपनी बात समाप्त करुंगा।

उपसभाध्यक्ष (**श्री रमा शंकर कौशिक**): नहीं, अभी और भी हैं।

श्री सुरेश पचौरी: क्या हिंदुस्तान में ऐसी कंपनियां आगे आई हैं जिन्होंने यह पहल की है कि वे सेट टाप बाक्सेज बनाकर देंगी? यदि बनाकर देंगी तो उनकी कीमत कितनी होगी, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा? कंडीशनल एक्सेस सिस्टम को लागू करने के संबंध में उन्होंने जो समय समय पर बयान बदले हैं, मैं उनके बयानों का उल्लेख नहीं करना चाहता, उनसे पूर्ववर्ती मंत्री का उल्लेख करते हुए आपको स्मरण कराना चाहूंगा कि 21 जुलाई, 2003

को आपने इसी सदन में अपना जो बयान दिया है, क्या उस आश्वासन को समय सीमा ध्यान में रखते हुए पूरा करेंगे? 72 रुपये बेसिक टायर चैनल्स के लिए फिक्स किया गया था, हमें यह जानकारी मिली है कि केबल ऑपरेटर्स ने इसे अमान्य कर दिया है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि सेट टाप बाक्सेज और इस सिस्टम की जो इकोनॉमी है, आप उसे कैसे बैलेंस करेंगे? मैं माननीय मंत्री जी से तीन चार सवाल इस कैस के मामले में पूछना चाहता हूं। नम्बर वन, आप कंडीशनल एक्सेस सिस्टम की अनिश्चितता कब और कैसे दूर करेंगे? नम्बर 2, केबल की दरों में कितनी वृद्धि हुई है? हमारे देश में टेलीविजन का रेट ऑफ ग्रोथ क्या है? इस रेट ऑफ ग्रोथ की जो डिटरमिनेश है उसमें उपभोक्ता का क्या रोल रहेगा, आप इसे कैसे स्पष्ट करेंगे?

आखिरी बात अपलिंकिंग के संबंध में कहकर समाप्त करना चाहता हूं। जैसाकि मेरे साथी कपिल सिब्बल जी और फेलेरकियो जी ने कहा कि जहां तक अपलिंकिंग की पॉलिसी है उसके संबंध में सुप्रीम कोर्ट का, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल का जो निर्णय है, ओपन स्काई पॉलिसी के संबंध में, जो संविधान के आर्टिकल 19 (ए) की परिधि में है, हम उसके परिपालन के पक्षधर है। आपने स्वयं अपने उत्तर में पांच पर यह कहा है। मैं उसका उल्लेख करना चाहूंगा। एक नोट मंत्रिमंडल को मार्च, 2003में प्रस्तुत किया गया, क्योंकि यह महसूस किया गया था कि ऐसी चिंताओं की ओर भारत से टी.वी. चैनलों की अपलिंकिंग से संबंधित मौजूदा नीति में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था। यदि मौजूदा नीति में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था, तो इस पर्याप्त ध्यान न देने के लिए कौन जिम्मेदार है? निश्चित रुप से सरकार में बैठे हुए वे लोग जिम्मेदार हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, इस संबंध में आप क्या कहना चाहेंगे? दूसरा, आपने अभी के बयान में यह भी कहा, पृष्ठ 5 पर सबसे ऊपर की लाइन में "कि यह वांछनीय होगा कि समाचार-पत्रों का स्वामित्य मुख्यतः भारतीय हाथों में हो" मैं जानना चाहता हूं कि यदि संपादक के मामले में कोई परिवर्तन होता है तो क्या वह क्लीयरेंस इन्फार्मेशन एंड ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री से लिया जाएगा? यदि लिया जाएगा, तो क्या सरकार का अंकुश नहीं रहेगा? और यदि अंकुश रहेगा तो जो केबल टेलीविजन नेटवर्क अमेंडमेंट बिल के सैक्शन 4-ए के सब सैक्शन 2 एंड 3 और उसके आगे के सब सैक्शंज से उल्लेख किया गया है, क्या उसका परिपालन होगा? मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह सरकार स्वीकार करती है कि अपलिंकिंग के मामले में जो मौजूदा नीति है, वह अपूर्ण है, क्योंकि आपने स्वीकार किया है कि पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं।]

मैं यह जानना चाहता हूं कि जिन चैनल्स के पास पहले लाइसेंस था और जो नए चैनल आए, उनकी समय-सीमा समान रखी गई है, किसी की समय-सीमा एक साल रखी गई, किसी की तीन महीने रखी गई। समय सीमा समान हो या असमान हो, इसके पीछे आपके क्या तर्क हैं, यह मैं आपसे जानना चाहूंगा? माननीय उपसभापति महोदया, इससे पहले कि मैं अपनी बात समाप्त करूं, मैं आपके जरिए यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि जहां तक कंडीशनल एक्सेस सिस्टम का प्रश्न है, हम इसके पक्षधर हैं, लेकिन क्या नीति अपनाई जाए, क्या प्रोसैस एडॉल्ट किया जाए, उसको सुनिश्चित करना बहुत आवश्यक है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जहां तक उपभोक्ताओं के हितों

का ध्यान है, उपभोक्ताओं के संरक्षण का ध्यान है, उस पर वरीयता और प्राथमिकता के आधार पर सरकार को ध्यान देकर इस विषय में निर्णय लेना चाहिए। धन्यवाद

श्री कृपाल परमार (हिमाचल प्रदेश): उपसभापति महोदया, आज सुबह से इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन में सशर्त संपर्क प्रणाली पर चर्चा हो रही है। अंतिम वक्ता हूं, इसलिए सभी प्रबुद्ध वक्ताओं के बयान सुन कर अपना ज्ञानवर्द्ध करने का मौका मिला है, लेकिन नहीं मुझे इस बात का अफसोस भी हुआ कि जिस वर्ग और जिस भावना के साथ, आज से छः माह पूर्व इसी सदन ने इस संशोधन को पारित किया था, वह भावना और वर्ग आज राजनीतिक लडाईयों में और कैस सैट अप बाक्स बनाने वाली कंपनियों की लड़ाइयों में दब कर रह गया है। वह भावना थी कि इस देश की जनता को किस प्रकार विदेशी चैनलों के माध्यम से हो रहे सांस्कृतिक दुष्प्रभावों से बचाया जाए और वह वर्ग था हमारा मध्यम वर्ग, जो चैनलों की पूरी पेमेट नहीं कर सकता, किसी तरीके से उसको राहत दी जाए। लेकिन चर्चा का रुख दूसरी ओर मुड़ गया और वह भावना और वर्ग जो था, वह इस लड़ाई में दबकर रह गया। मैं उसी भावना और वर्ग को यहां पर उजागर करना चाहता हूं। उपसभापति महोदया, आज के जमाने में किसी भी देश पर प्रभुत्व जमाने के लिए कई प्रकार के हथकंडों का इस्तेमाल किया जाता है, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सबसे खतरनाक हथकंडा है कि किसी देश और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को खंडित करके रख दिया जाए। आज सुबह से शाम तक, चौबीस घंटे विदेशी चैनलों पर हमें जो दिखाया जाता है, वह हमारी संस्कृति पर कड़ा कुठाराघात करता है। महोदया, कैस, जिसे विभिन्न नाम दिए गए, वह उस वैक्सीन की तरह है, जो किसी बच्चे को, किसी बीमारी से बचाने से पूर्व लगाई जाती है। यह सेट अप बाक्स अगर टी.वी. पर रखा जाता है तो हम यह तय कर सकते हैं कि कौन सा चैनल हमारे घर में आएगा और कौन सा चैनल नहीं आएगा। कितने पैसे लगेंगे, यह बाद की बात है। लेकिन जब मां-बाप बच्चे को डॉक्टर के पास इंजेक्शन दिलाने के लिए जाते हैं तो बच्चा रोता है, बिलखता है। मां-बाप पैसा खर्च करते हैं और उस बच्चे को वैक्सीन दिलाते है ताकि आने वाले समय में उस बच्चे को कोई बीमारी न लगे। इसी तरह आज हमारे समाज को इस सांस्कृतिक आक्रमण से बचाने के लिए कैस की जरुरत है। जिस नीयत के साथ सरकार यह संशोधन लेकर आई थी, मुझे समझ में नहीं आ रहा, इसे लगाने में यह देरी और विलंब क्यों रहा?

उपसभापति महोदया, आजकल ये विदेशी चैनल हमें क्या परोस रहे हैं? हम बैठते तो हैं समाचार सुनने के लिए, लेकिन विज्ञापन आता है जांघिए और बनियान का। हम सुनना चाहते हैं देश की बात और ऐड आती है कि यह अंदर की बात है। हम बच्चों को कुछ और दिखाना चाहते हैं तो विज्ञापन आता है कि सब कुछ दिखता है। क्या दिखता है? सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि ब्रोडकास्टर जहां विज्ञापन देने वालों का शोषण कर रहे हैं, गलत आंकड़े देकर कि यह कितने लोगों को दिखाया जाता है, वहीं ये ऊल-जलूल विज्ञापन आम लोगों को देखने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इसी मजबूरी से छुटकारा दिलाने के लिए इस संशोधन को लाया गया था और जिसे इसी सदन में हमने सर्वसम्मति से पास किया था, लेकिन मुझे समझ में नहीं आया कि अब 6 महीने के अंदर इस ध्यानकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस पर फिर से चर्चा क्यों? एक और नमूना विज्ञापन का देखिए। हिन्दुस्तान के कानून के मुताबिक शराब के विज्ञापन को नहीं दिखाया जाता, लेकिन हम बच्चों के साथ जब टी.वी. देखने बैठते हैं तो शराब की चुस्की से कैसे

औरत के तन से कपड़े घटते हैं, वह शर्मनाक दृश्य देखने को मिलता है। मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा और जानना चाहूंगा कि क्या वे ऐसे प्रावधान करेंगे, जिससे ऐसे विज्ञापनों को अपने घरों में प्रसारित करने से रोका जा सके? और, कुछ ऐसा इंतजाम करेंगे ताकि जो कामर्शियल चैनल, विदेशी चैनल हैं, जो विज्ञापनदाताओं से पैसा लेकर विज्ञापन देते हैं, वे फ्री टू एअर चैनल के सिस्टम को एटाप्ट करें और घरों में अपना मुफ्त कार्यक्रम दिखाएं।

माननीय उपसभापति महोदया, यहां पर सेट टाप बाक्स की कीमत के बारे में बहुत बातें की गईं और यह भी विषय उठाया गया कि स्वदेशी कंपनियां इसे क्यों नहीं बनातीं। मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि जब हिन्दुस्तान में टी.वी. आया था, जब हिन्दुस्तान में सेलफोन आया था तो पहले उसको इंटरोड्यूस किया गया था, उसके बाद यहां पर टी.वी. और सेलफोन बनना शुरू हुए थे। अब जिस प्रकार से सेट टाप बाक्स पर केन्द्रीय उत्पाद पर 16 प्रतिशत की छूट दी है और कलपुर्जों को आयात करने के लिए शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया है, इससे स्वदेशी कंपनियों को सेट टाप बाक्स बनाने में मदद मिलेगी। मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इनके लिए ऐसा कुछ इंतजाम करें ताकि ये कंपनियां जल्द ही अपने उत्पाद को मार्केट में उतार सके।

उपसभापति महोदया, मैं जानता हूं कि जब भी कोई चीज इन्टरोड्यूस की जाती है या लागू की जाती है तो उसका विरोध होता है, आलोचना होती है। जैसे पुराने जमाने में लोग अफीम खाते थे। जब उन्हें अफीम खाने से रोका गया तो अफीम खाने वालों ने उसका प्रतिकार किया था क्योंकि वे नहीं जानते थे कि इससे उनकी सेहत पर पड़ने वाले दष्परिणाम क्या होते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यही कहना चाहता हूं कि हो सकता है आज आपको किसी तरह की आलोचना का सामना करना पड़े, लेकिन आने वाली हमारी जनरेशन्स आपको इस बात के लिए बधाई देगी कि किस प्रकार से आपने एक सांस्कृतिक प्रदूषण को बढ़ने से रोका। आज जिस तरीके से विदेशी कंपनियों का चक्रव्यूह हिन्दुस्तान की संस्कृति को प्रदूषित करने के लिए लगा हुआ है, इसके लिए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अभिमन्यु की तरह आप इस चक्रव्यूह को तोड़ने का प्रयास करें। पूरा देश और पूरा समाज आपके साथ है। धन्यवाद। जयहिंद।

उपसभापति: पर अभिमन्यु की तरह इनका हश्र न हो। यह विश मत करिए मंत्री जी को।

मंत्री जी, इन्होंने एक सवाल बहुत अहम उठाया कि जो चैनल पे चैनल होते हैं, उन पर ऐडवरटाइजमेंट आती हैं तो वे रेविन्यू दो तरह से कलैक्ट करते हैं – एक पेमेंट के तौर पर जो दिया जाता है उनको और एक ऐडवरटाइजमेंट के तौर पर। क्या विदेश में किसी जगह भी ऐसी दुअलप पॉलिसी है कि दोनों तरह से वे रेविन्यू कलैक्ट करें या नहीं? इसके बारे में भी आप जरा बता दीजिएगा। अब आप अपनी रिप्लाई शुरू कर दीजिए।

श्री लालू प्रसाद: महोदया, अभी माननीय सदस्य, श्री कृपाल परमार बोल रहे थे, इन्होंने मंत्री जी को कहा कि अभिमन्यु की तरह काम करिए। तो अभिमन्यु तो चक्र में फंसकर चक्रव्यूह में मारा गया था।

श्री कृपाल परमार: ये पूरे हिन्दुस्तान के चक्रव्यूह को तोड़कर निकलेंगे।

श्री रवि शंकर प्रसाद: आप जानते हैं "रवि शंकर" किसी चक्रव्यूह में नहीं फंसता है। Madam, I am, indeed, very grateful for a very enlightening and informing debate for the last more than three hours. So many speakers have spoken; all shades of opinion have come; and I wish to convey to this august House that not only have I been benefited but even my officers, who are present here, have also learnt a lot in order to make the whole system more friendly in terms of implementation.

Madam, let me begin with the observation of the hon. Member, Shri Suresh Pachouri, as to what is the size of the television industry in India. He has raised a very relevant point. *The Economic Times* does a survey; and, on entertainment, they have written a very exhaustive story. The book is here with me. In the year 2000, the size of television industry was worth Rs.8000 crores. By the year 2005, it is going to become worth Rs.32,000 crores. The rate of growth is 31 per cent. Therefore, this is one of the fastest growing service sectors in the country. We need to understand it. Our esteemed friend, Shri Sanjay Nirupam, was talking about the Cable Operators; yes, I salute them. In the year 1991, by their enterprise, they brought cable into our homes. Today, they are growing phenomenally. So far as their numbers are concerned, I think, Mr. Panda has already shared them with the House. But certain interesting developments are equally important. In this whole progress and speed of development, the consumers have taken a back-seat. You asked me the question as to what had been the nature of rise in the channel rates. You must understand one thing. As of now, the consumer does not know, how much he is paying for what. A particular book is shown to him; somewhere it is Rs.50; somewhere, Rs.70, and somewhere, Rs.90; and he has to pay whatever is demanded. He does not know. But we tried to know from cable operators as to what had been the rise. Let me share with you some specific information. The rate of one particular pay-channel, which was Rs. 2.50 in 1996, has become Rs.40 in December, 2002. In the case of the other pay channel - I will not name it - what was Rs.4 in March, 1997 became Rs.50 in January. Over six years, the rise has been to the extent of 1100 per cent, 1200 per cent, or, 1400 per cent. At the same time, I also tried to know as to what has been the experience in the other countries, and, Madam, this is a very interesting information that I got. In USA, in the last twenty years, the rise has been only three times. That is

the difference. In 1982, the average cable rate was eight Dollars. In 2002, after twenty years, it is 33 Dollars.

